

दैनिक

सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

K✌K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-312 | सीहोर, गुरूवार 06 फरवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## महाकुंभ संगम में प्रधानमंत्री ने लगाई डुबकी, किया जाप



प्रयागराज (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे और त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद पीएम मोदी ने गंगा पूजन किया। पंडित राजेश कुमार तिवारी (आचार्य तीर्थ पुरोहित (प्रयागराज) ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज संगम के त्रिवेणी घाट पर स्नान किया। उन्होंने 11 डुबकी लगाई और 108 मंत्रों का जाप किया। नजरा बहुत अद्भुत था। पीएम मोदी ने देश और जनकल्याण के लिए पूजा अर्चना की। इस मौके पर सीएम योगी भी उनके साथ थे। पीएम मोदी ने हम लोगों के साथ पूजा की। पीएम मोदी के आने से यहां पर किसी को कोई असुविधा या परेशानी नहीं हुई। त्रिवेणी संगम में पीएम मोदी ने स्नान किया और पूजा की। इस दौरान बराबर स्नान चलता रहा। आज अष्टमी का दिन है। साल 2019 में भी पीएम मोदी यहां आए थे, तब भी अष्टमी का दिन था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वभाव ही उन्हें सभी नेताओं से अलग बनता है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025

# एग्जिट पोल में बीजेपी को बहुमत, आप और कांग्रेस की बढ़ी टेंशन



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में बुधवार को मतदान के साथ ही चुनाव संपन्न हो गए। यहां विधानसभा की 70 सीटों पर कराए गए एक चरण में 5 बजे तक 57.70% मतदान दर्ज किया गया। विधानसभा चुनावों के खत्म होने के बाद अलग-अलग सर्वे एजेंसियां कुछ ही देर में दिल्ली के लिए एग्जिट पोल के आंकड़े जारी करने शुरू कर दिए। नतीजे के बीच अमर उजाला आपको बताएगा कि इस बार राजधानी के लिए एग्जिट पोल क्या कह रहे हैं? पिछली बार अनुमानों में क्या कहा गया था? बाद में नतीजे कैसे रहे? आइये जानते हैं... दिल्ली के विधानसभा चुनाव में कई पोलिंग एजेंसियों ने एग्जिट पोल्स जारी कर दिए हैं। इनमें से अब तक जिन सात एग्जिट पोल्स का एलान हुआ है, उन सभी में भाजपा को बहुमत मिलता दिख रहा है। मैट्रिज के एग्जिट पोल के मुताबिक, आप को 32-37 सीटें मिल सकती हैं। वहीं भाजपा को 35-40 सीट मिल सकती हैं। उधर कांग्रेस को 0-1 सीट मिलने की संभावना जताई गई है। जेवीसी के एग्जिट पोल के मुताबिक, आप को 22 से 31 सीटें मिलती दिखाई गई हैं। भाजपा को 39-45 सीटें और कांग्रेस को 0-2 सीटें मिल सकती हैं। यानी भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल कर सकती है। चाणक्य के एग्जिट पोल के मुताबिक, भाजपा को 39 से 44 सीटें मिल सकती हैं। यानी भाजपा खुद बहुमत हासिल कर सकती है। वहीं आप को 25-28 सीटें मिलने की संभावना है। कांग्रेस को 2-3 सीटें मिलने की संभावना है। पीपल्स पल्स के एग्जिट पोल में आम आदमी पार्टी महज 10 से 19 सीटों पर सिमटती दिख रही है। वहीं, भाजपा 51-60 सीटों का बंपर आंकड़ा छू सकती है। इस सर्वे में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलता दिख रहा। पीपल्स इनसाइट के मुताबिक, भाजपा को 40 से 44 सीटें मिल सकती हैं। आप को 25-29 सीटें मिलने की संभावना है। कांग्रेस को इसमें 0-1 सीट का आंकड़ा दर्शाया गया है। पोल डायरी के मुताबिक, भाजपा को 42-50 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत मिल सकता है।

**एग्जिट पोल**

| पार्टी | भाजपा+ | आप | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 35-40 | 32-37 | 0-1 | 0-0 |
| जेवीसी | 39-45 | 22-31 | 0-2 | 0-1 |
| चाणक्य स्ट्रैटेजीज़ | 39-44 | 25-28 | 2-3 | 0-0 |
| पीपल्स पल्स | 51-60 | 10-19 | 0-0 | 0-0 |
| पीपल्स इनसाइट | 40-44 | 25-29 | 0-1 | 0-0 |
| पोल डायरी | 42-50 | 18-25 | 0-2 | 0-0 |
| पी-मार्क | 39-49 | 21-31 | 0-1 | 0-0 |
| वी-प्रीसाइड | 18-23 | 46-52 | 0-1 | 0-0 |
| माइंड ब्रिंक | 21-25 | 44-49 | 0-1 | 0-0 |
| डीवी-रिसर्च | 36-44 | 26-34 | 0-0 | 0-0 |
| एसएएस | 38-41 | 27-30 | 1-3 | 0-1 |

## भगवान वेंकटेश्वर की पवित्रता का सवाल है,’ तिरुपति मंदिर से 18 गैर हिंदू कर्मचारियों की छुट्टी



नई दिल्ली (आरएनएस)। तिरुमला तिरूपति देवस्थानम, तिरूपति मंदिर की संचालक संस्था ने 18 गैर-हिंदू कर्मचारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इन सभी कर्मचारियों को ट्रांसफर लेने या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुनने के लिए कहा गया है। बोर्ड ने कहा कि यह निर्णय अपने मंदिरों और धार्मिक गतिविधियों की आध्यात्मिक पवित्रता को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

बोर्ड का मानना है कि मंदिर की धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में हिंदू धर्म के अनुयायियों की भागीदारी आवश्यक है। तिरुमला तिरूपति देवस्थानम (टीटीडी) ने 18 कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। इन कर्मचारियों पर आरोप है कि वे टीटीडी के त्योहारों और अनुष्ठानों में भाग लेने के साथ-साथ गैर-हिंदू धार्मिक गतिविधियों में भी भाग ले रहे हैं। टीटीडी बोर्ड ने हाल ही में एक संकल्प लिया है जिसमें ऐसे कर्मचारियों को दो विकल्प दिए गए हैं- सरकारी विभागों में स्थानांतरित होना, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के माध्यम से बाहर निकलना। टीटीडी कहना है कि धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों की पवित्रता को बनाए रखना है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में 5 चीते मुक्त विचरण के लिए छोड़ें।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव : भाजपा ने लगाया फर्जी मतदान कराने का आरोप

**-प्रियंका गांधी वाड्रा ने मां सोनिया और पति-बेटे के साथ किया मतदान**

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए बुधवार दोपहर 1 बजे तक 33.31 प्रतिशत मतदान हो चुका है। सबसे ज्यादा 24.87 प्रतिशत मतदान नार्थ-ईस्ट दिल्ली में हुआ। जो कि भाजपा सांसद मनोज तिवारी का संसदीय क्षेत्र है। भाजपा ने सीलमपुर में फर्जी मतदान कराए जाने का आरोप लगाया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, एलजी वीके सक्सेना, विदेश मंत्री एस जयशंकर, मुख्यमंत्री आतिशी और राहुल गांधी वोट कर चुके हैं। इसके अलावा प्रियंका गांधी वाड्रा ने मां सोनिया और पति-बेटे के साथ वोट डाला।

# मेरिट के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों का अनुसरण जीवन में सफलता के लिए आवश्यक : डॉ. यादव

>>> मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की ई-स्कूटी

>>> प्रदेश के 7 हजार 900 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रदान की गई ई-स्कूटी



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जीवन में सफलता के लिए योग्यता के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों का अनुसरण आवश्यक है। मेरिट में आए विद्यार्थी यदि अपनी योग्यता का उपयोग केवल स्वयं के लिए करेंगे तो उनकी प्रतिभा का लाभ समाज को नहीं मिल पाएगा। नैतिक मूल्यों का अनुसरण करते हुए सबके हित और सबके सुख का ध्यान रखकर किए गए कार्य न केवल समाज अपितु राष्ट्र की प्रगति में विद्यार्थियों के योगदान का मार्ग प्रशस्त करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व का सबसे महान देश बनने के मार्ग पर अग्रसर है। ऐसे में मेरिट में आए विद्यार्थी अपनी योग्यता, क्षमता और निपुणता से अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर समाज हित और देश की उन्नति में हरसंभव योगदान दें। लक्ष्य प्रगति में ही उनकी श्रेष्ठता सही अर्थों में सिद्ध होगी और भारत को प्रगति पथ पर अग्रसर करने में सार्थक योगदान दे सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मेधावी विद्यार्थियों को ई-स्कूटी वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्री राम, भगवान श्रीकृष्ण, सम्राट विक्रमादित्य, पन्ना-धाय के उद्धरण देते हुए कहा कि अद्भुत क्षमता और सामर्थ्य के साथ नैतिक मूल्यों पर अडिग रहने के उदाहरणों ने ही इन महान विभूतियों के जीवन को आदिकाल से वर्तमान तक अनुकरणीय बनाया है। अंग्रेजी साम्राज्य का जब सूर्य अस्त नहीं होता था तब नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर विश्व में अपनी सामर्थ्य के उदाहरण प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर चुनौती और कठिन समय का धैर्य और साहस के साथ सामना करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को शासकीय और निजी क्षेत्र की नौकरियों का लक्ष्य रखने के साथ ही समाज को नेतृत्व प्रदान करने, आने वाली पीढ़ी को शिक्षा देने जैसे दायित्वों के निर्वहन को भी अपना ध्येय बनाना चाहिए।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई तेज करें सुरक्षा एजेंसियां : अमित शाह

जम्मू (ए.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सभी सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का निर्देश दिया ताकि शून्य घुसपैठ के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। शाह ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर दो दिन में दो उच्च स्तरीय समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के कारण केंद्र शासित प्रदेश में आतंक का पारिस्थितिकी तंत्र कमजोर हो गया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक गृहमंत्री ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को शून्य घुसपैठ के लक्ष्य के साथ आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य आतंकवादियों को जड़ से उखाड़ फेंकना होना चाहिए। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट : ममता बोलीं- बंगाल आपका घर है, यहां निवेश करें, हर सुविधा मिलेगी



कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विश्व भर के व्यावसायियों से आह्वान किया है कि पश्चिम बंगाल आपका घर है, यहां आइए और निवेश कीजिए। यहां पर आपको हर तरह की सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने यह बात बुधवार को दो दिवसयी बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) के आठवें संस्करण का कोलकाता के बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में उद्घाटन करने के बाद कही। उन्होंने कहा, आपको किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। इसमें भारत सहित 40 देशों के प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहे। यह समिट आज भी जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि भूटान के प्रधानमंत्री के इस समिट में शामिल होने की बात थी लेकिन वे इसमें शामिल नहीं हुए।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उनका मुख्य ध्यान राज्य में एक व्यापार-समर्थक प्रशासन सुनिश्चित करने पर है। उन्होंने बताया कि सरकार राज्य स्तरीय निवेश समन्वय समिति बनाएगी, जिसकी अध्यक्षता मुख्य सचिव करेंगे।

## चीन पर बयान देकर बुरे फंसे राहुल गांधी, क्या जाएगी लोकसभा से सदस्यता



नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि चीन अब भी 4,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक भूमि पर कब्जा किए हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन दावों को खारिज कर दिया, जबकि सेना ने पीएम मोदी की बात से असहमति जाहिर की है। राहुल गांधी के इन दावों पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने आपत्ति जताकर कहा कि आप सदन में मनचाही बात नहीं बोल सकते। ये ठीक नहीं है और ये गंभीर विषय है। इसके बाद में बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने की मांग कर डाली।

## इंडिगो एयरलाइंस की प्रयागराज के लिए सीधी फ्लाइट, हर दिन चलेगी

जयपुर,(ए.)। जयपुर से महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों के लिए स्पाइसजेट और एलाइंस एयरलाइंस के बाद इंडिगो एयरलाइंस ने प्रयागराज के लिए सीधी फ्लाइट शुरू की है। यह फ्लाइट कुंभ मेले तक ही संचालित की जाएगी। जो हर दिन जयपुर से प्रयागराज और प्रयागराज से जयपुर आएगी। इससे पहले भी स्पाइसजेट और एयरलाइंस द्वारा प्रयागराज के लिए दो सीधी फ्लाइट चलाई जा रही है। जबकि एक फ्लाइट 11 फरवरी से प्रस्तावित है। ऐसे में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इंडिगो एयरलाइंस ने एक और सीधी फ्लाइट प्रयागराज के लिए शुरू करने का फैसला किया है, जिससे महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों को एक और विकल्प मिल जाएगा।

इंडिगो एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया कि महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एयरलाइंस द्वारा जयपुर से प्रयागराज के लिए एक और सीधी फ्लाइट शुरू की जा रही है। फ्लाइट संख्या 6ई-5001 आज से 28 फरवरी तक संचालित की जाएगी। जो हर दिन शाम सुबह 7 बजे जयपुर से प्रयागराज के लिए रवाना होगी। जो करीब 1 घंटे 20 मिनट में अपना सफर पूरा कर सुबह 8 बजकर 20 मिनट पर प्रयागराज पहुंचेगी।

इसी तरह 6ई-5019 फ्लाइट हर दिन प्रयागराज से 28 फरवरी तक संचालित होगी। जो हर दिन शाम 8 बजकर 55 मिनट पर प्रयागराज से रवाना होगी। यह फ्लाइट 1 घंटे 20 मिनट में अपना सफर पूरा कर 10 बजकर 15 मिनट पर जयपुर पहुंचेगी। यह दोनों डेली फ्लाइट होगी। बता दें कि इससे पहले ही जयपुर से प्रयागराज के लिए दो फ्लाइट संचालित की जा रही है। इसमें स्पाइसजेट एयरलाइंस की एक फ्लाइट डेली जयपुर से प्रयागराज और प्रयागराज से जयपुर के लिए संचालित हो रही है। जबकि एलाइंस एयरलाइंस की फ्लाइट साप्ताहिक है।




## चेतावनी देता हूं, हम एक इंच भी जमीन नहीं देंगे’, वक्फ संशोधन विधेयक पर बोले ओवैसी

नई दिल्ली (आरएनएस)। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मुस्लिम समुदाय ने विधेयक को उसके वर्तमान स्वरूप को खारिज कर दिया है। ओवैसी ने दावा किया कि विधेयक का वर्तमान स्वरूप भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25, 26 और 14 का उल्लंघन करता है, जो धार्मिक समानता और स्वतंत्रता के अधिकारों की गारंटी देता है।

लोकसभा में अपने संबोधन के दौरान एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा,मैं इस सरकार को सावधान कर रहा हूं और चेतावनी दे रहा हूं- यदि आप वर्तमान स्वरूप में वक्फ विधेयक संसद में लाते हैं और इसे कानून बनाते हैं, तो इससे देश में सामाजिक अस्थिरता पैदा होगी। इसे विधेयक को पूरे मुस्लिम समुदाय ने खारिज कर दिया है। विधेयक का मौजूदा ड्राफ्ट अगर कानून बनता है, तो यह अनुच्छेद 25, 26 और 14 का उल्लंघन होगा। हम कोई वक्फ संपत्ति नहीं छोड़ेंगे, कुछ भी नहीं छोड़ा जाएगा।

ओवैसी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा,आप विकसित भारत बनाना चाहते हैं, हम भी विकसित भारत चाहते हैं। आप इस देश को 80 और 90 के दशक में वापस ले जाना चाहते हैं। अगर ऐसा कुछ हुआ तो यह आपकी जिम्मेदारी होगी।

# अवैध प्रवासियों को लेकर अमृतसर पहुंचा अमेरिकी विमान, 104 लोगों में 13 बच्चे भी शामिल




अमृतसर (आरएनएस)। अमेरिका से अवैध रूप से रह रहे 205 भारतीय प्रवासियों को डिपोर्ट किया गया है। इनमें से 104 लोगों को लेकर US मिलिट्री का विमान C-17 आज अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा है। इन सभी को अमेरिकी अधिकारियों ने देश से निर्वासित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, इन प्रवासियों को अमेरिकी सेना का सी-17 हरक्युलिस विमान लेकर भारत लाया गया है। अमेरिका ने हाल ही में भारत के अलावा ब्राजील, मेक्सिको समेत कई अन्य देशों से आए अवैध प्रवासियों को भी देश से बाहर निकाला है।

अधिकारी ने बताया कि प्लेन में कुल 104 भारतीय हैं जिनमें 13 बच्चे, 79 पुरुष और 25 महिलाएं हैं। इन भारतीयों में से 33 लोग गुजरात से हैं जो अमृतसर एयरपोर्ट के भीतर ही रहेंगे और इन्हें वहीं से सीधे गुजरात भेजा जाएगा। इसके अलावा 30 पंजाब से हैं। दो-दो यात्री उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ से हैं. जबकि तीन महाराष्ट्र से हैं।

अमेरिकी प्रशासन अवैध प्रवास पर लगाम लगाने के लिए कड़े कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में अमेरिका ने भारत में रह रहे कई भारतीयों को अवैध पाते हुए उन्हें देश से निकालने का फैसला किया है। इनमें से अधिकांश लोग पंजाब के रहने वाले हैं।

अमृतसर एयरपोर्ट पर इन प्रवासियों के पहुंचने से पहले से ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इन सभी प्रवासियों की पहचान की जा रही है और आवश्यक कागजी कार्रवाई की जा रही है। अमेरिका ने केवल भारत ही नहीं बल्कि ब्राजील, मेक्सिको समेत कई अन्य देशों से भी अवैध प्रवासियों को निर्वासित किया है। इसके अलावा, जिन लोगों की नागरिकता का सत्यापन नहीं हो पा रहा है, उन्हें ग्वांतानामो बे समेत कई जेलों में रखा जा रहा है।

# तुलसी साहित्य और भारतीय संस्कृति का हो प्रचार-प्रसार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्रतिष्ठान की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में विकास कार्यों पर हुआ विचार-विमर्श

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मानस भवन में तुलसी मानस प्रतिष्ठान की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस प्रतिष्ठान की गतिविधियों को और अधिक विस्तारित करने का सुझाव दिया और संबंधितों को इस पर अमल करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रतिष्ठान से रामायण, तुलसी साहित्य और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने युवाओं और विद्वानों को जोड़ने के लिए चित्रकूट जैसे धार्मिक स्थल पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया। बैठक में प्रबंधकारिणी समिति के कार्याध्यक्ष रघुनंदन शर्मा, संयोजक राजेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष विजय अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य सुरेश पचौरी एवं कैलाश जोशी, समिति सदस्य एवं कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह सहित समिति के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिष्ठान की आगामी योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों को इस पहल से जोड़ा जाए, जिससे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिले। मुख्यमंत्री डॉ.



यादव ने कहा कि ऑनलाइन माध्यमों से भी रामायण और तुलसी साहित्य को अधिक लोगों तक पहुंचाये। उन्होंने आगामी आयोजनों की रूपरेखा तैयार करने और इनसे जनसामान्य को जोड़ने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। प्रतिष्ठान की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए सुझावों पर बैठक में गहनता से विचार-विमर्श किया गया। कार्याध्यक्ष श्री शर्मा ने मानस भवन के सामने न रोड का चौड़ीकरण किये जाने और मानस भवन, हिंदी भवन और गांधी भवन के बीच अवैध निर्माण हटवाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कलेक्टर भोपाल को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिति को अवगत कराया कि सरकार प्रदेश में शराबबंदी पर गंभीरता से विचार कर रही है। गीता के ज्ञान और हमारी संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेश में भवन बनाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. ने बताया कि हमारी सरकार पुण्यभूमि हरिद्वार जैसे प्रबंध अब महाकाल नगरी उज्जैन में भी कराने की ओर अग्रसर है।

साधु-संतों, अखाड़ों और धर्मशालाओं को उज्जैन के सिंहस्थ मेला क्षेत्र में स्थायी प्रकृति के निर्माण कार्यों की अनुमति दी गई है। इससे स्थायी आश्रम, मठ, धर्मशालाएं, सत्संग स्थल बनाये जा सकेंगे। कलेक्टर ने समिति को अवगत कराया कि भोपाल में भी स्मार्ट सिटी रोड पर टीटी नगर के पास करीब एक एकड़ भूमि में गीता भवन बनाया जायेगा। समिति सदस्यों ने प्रतिष्ठान के विकास संबंधी विभिन्न विषयों/कार्यों के संबंध में मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों/सुझावों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तुलसी मानस प्रतिष्ठान की मासिक मुख पत्रिका तुलसी मानस भारती का विमोचन भी किया।

## आईएमआर, एमएमआर में सुधार के लिये फोकस्ड एप्रोच से करें कार्य : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**चिकित्सकीय मैनपावर भर्ती प्रक्रिया समय पर करें पूर्ण स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा की**

भोपाल (विलक्षण सक्सेना)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने मंत्रालय में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चिकित्सकीय स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति, अधोसंरचनात्मक विकास कार्य, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं और प्रदेश के स्वास्थ्य मानकों में सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों पर विस्तृत समीक्षा कर दिशा निर्देश दिये।

**50 प्रतिशत सीएचसी का एफआरयू में किया जायेगा उन्नयन**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सक एवं सहायक चिकित्सकीय स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष तक प्रदेश के 50 प्रतिशत सीएचसी को एफआरयू में उन्नयन किया जाना है। इसके लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

**अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों की करें रियल-टाइम मॉनिटरिंग**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा के लिए विशेष निगरानी तंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग



से परियोजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जा सकेगी।

**प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की समीक्षा की**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जिन जिलों में स्वास्थ्य मानकों की स्थिति ठीक नहीं है, वहां स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति सुधारने के लिए कारकों का गहन विश्लेषण किया जाए और विशेष प्रयास किए जाएं। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 9 और 25 तारीख़ को आयोजित होने वाले एएनसी जांच दिवस के प्रति व्यापक जागरूकता का प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक गर्भवती महिलाएं इसका लाभ उठा सकें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की गर्भधारण से लेकर प्रसव पूर्व सभी अनिवार्य जांचों को सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि समय पर सभी आवश्यक जांचें न केवल सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करेंगी बल्कि शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क प्रेग्नेंसी का समय पर चिन्हांकन कर आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इसके लिए स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष निगरानी प्रणाली लागू की जाए।

## भोपाल में किसानों का हल्ला बोल, मंत्रालय घेरने जा रहे किसानों से डिप्टी सीएम बोले- सभी मांगे होंगी पूरी

भोपाल (ए.)। प्रदेश भर के किसान बुधवार को भोपाल पहुंचे। किसानों ने वल्लभ भवन मंत्रालय घेरने का प्लान बनाया था इससे पहले डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा किसानों से मिलने धरना स्थल पहुंचे और उनकी मांगों को पूरी करने का आश्वासन दिया। फसलों के दाम में बढ़ोतरी जैसे कई मुद्दे लेकर



इसके बाद किसानों ने शिकायती आवेदनों से भरा झोला डिप्टी सीएम को सौंप दिया।

प्रदर्शन करने भोपाल पहुंचे किसानों ने कहा है कि जब तक वोट नहीं डलते तब तक सब बात सुनते हैं। अब वोट देकर राजा बना दिया, तो उन्होंने हमें अपने हाल

प्रदेश भर के किसान बुधवार को राजधानी भोपाल पहुंचे। प्रदेश से आए किसान वल्लभ भवन मंत्रालय घेरने का प्लान बनाया था इसके पहले किसान लिंक रोड नंबर एक स्थित ऑफिस के सामने धरना दे रहे थे। इसी बीच डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा किसानों से मिलने धरना स्थल पहुंचे और उनकी मांगों को पूरी करने का आश्वासन दिया। किसानों ने डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा को आवेदनों से भरा झोला सौंपा। जिसके बाद किसानों ने धरना खत्म कर दिया है। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा, मुझे पता लगा कि किसान वल्लभ भवन आ रहे हैं तो सरकार खुद उनके पास आ गई। डिप्टी सीएम ने किसानों की सारी मांगों को पूरा करने की बात कही।

देवड़ा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने समय-समय पर किसानों के हित में निर्णय लिए हैं। जो भी शिकायती ज्ञापन मिले हैं, उनका जल्द समाधान किया जाएगा। किसान हमारे हैं, हम आपसे अलग नहीं हैं। हम आपके साथ खड़े हैं।

पर छोड़ दिया। ऐसे ही काम हो रहे होते तो बच्चों को वहां छोड़कर यहां थोड़े ही आते। हमें इसमें मजा थोड़े ही आता है। सरकार फसलों के अच्छे रेट के नाम पर हर बार झुनझुना पकड़ा देती है। संघ के मध्य भारत प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान ने कहा, प्रदेश में किसान राजस्व विभाग के फौती नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, बटांकन, नक्शा सुधार जैसे कार्यों में की जा रही लूट से परेशान हो गया है। पटवारी से एक चिड़िया बनवाना हो तो रिश्वत देना पड़ता है। इसमें तो सब बड़े-बड़े लोग भी शामिल हैं। भोपाल में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की तैयारी और डामरीकरण के चलते किसानों को मुख्य सड़क पर धरने की अनुमति नहीं दी गई। इसके चलते संघ कार्यालय के ठीक सामने सर्विस रोड पर धरना प्रदर्शन किया गया। किसान नेताओं का दोपहर 3 बजे के बाद किसान वल्लभ भवन का घेराव करने का प्लान था। उधर, पुलिस ने बेरिकेडिंग कर रखी थी। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

## 07113/07114 मचिलीपटनम -दानापुर-मचिलीपटनम कुंभ मेला विशेष ट्रेन 02-02 ट्रिप

### भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 07113/07114 मचिलीपटनम -दानापुर-मचिलीपटनम कुंभ मेला विशेष ट्रेन (02-02 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

गाड़ी संख्या 07113 मचिलीपटनम -दानापुर कुंभ मेला विशेष ट्रेन (02 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 07113 मचिलीपटनम -दानापुर कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 08 एवं 16 फरवरी 2025 को मचिलीपटनम स्टेशन से सुबह 11.00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 06.05 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए उसी दिन रात 23.55 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 07114 दानापुर-मचिलीपटनम कुंभ मेला विशेष ट्रेन (02 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 07114 दानापुर-मचिलीपटनम कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 10 एवं 18 फरवरी 2025 को दोपहर 15.15 बजे दानापुर स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 07.10 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 03.00 बजे मचिलीपटनम स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी के हाल्ट

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में गुडिवाड़ा जंक्शन, विजयवाड़ा जंक्शन, खम्मम, डोर्नाकल जंक्शन, महबूबाबाद, वारंगल, जमीकुंटा, पेद्दपल्ली जंक्शन, रामागुंडम, मंचेरियल, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, सेवाग्राम, नागपुर, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

कोच संरचनाल

इस विशेष ट्रेन में 20 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 22 डिब्बे होंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा ह्ज्ञश्वस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## आरडीएसएस के कार्यो की करें सतत् समीक्षा- ऊर्जा मंत्री तोमर

भोपाल (ए)। आरडीएसएस के कार्यों की अधिकारी सतत् समीक्षा करें। कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आरडीएसएस (रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) के कार्यों का निरीक्षण किस अधिकारी ने कब किया, इसकी पूरी जानकारी दें। ऊर्जा मंत्रीप्रद्युम्न सिहं तोमर ने यह निर्देश मंत्रालय में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षेत्र में आरडीएसएस के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये।

## मप्र पुलिस बल के सदस्यों के संपूर्ण स्वास्थ्य एवं व्यावसायिक कुशलता हेतु मध्यप्रदेश पुलिस ने किया हार्टफुलनेस संस्थान के साथ एमओयू



भोपाल (विलक्षण सक्सेना)। पुलिस बलों के सर्वांगीण शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की समस्यायें पुलिस बलों के लिए विश्व स्तर पर चिंता का विषय है। लंबी ड्यूटियां, जोखिम भरे कार्य तथा अत्यधिक तनाव युक्त कार्य-व्यवस्थाओं के कारण पुलिस बलों के भीतर अवसाद, मानसिक आघात, डिप्रेशन तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उनके कार्य को प्रभावित करती हैं। पुलिस कर्मियों के इस तनाव युक्त जीवन का कुप्रभाव उनके परिवार के सदस्यों पर भी पड़ता है, जिससे पारिवारिक समस्याएं भी उत्पन्न होती है। मध्यप्रदेश पुलिस इन समस्याओं को प्रभावी रूप से दूर करने हेतु पुलिस कर्मियों के संपूर्ण स्वास्थ्य संवर्धन हेतु प्रयास कर रही है। इसी तारतम्य में पुलिस बल और उनके परिवारों की जरूरतों को समझते हुए तनाव और कोध प्रबंधन, ऊर्जा और आध्यात्मिक शक्ति में वृद्धि, बेहतर संवाद और प्राकृतिक यौगिक साधनों जैसे तनावमुक्ति ध्यान, मुद्रा और प्राणायाम के साथ ही संतुलित आहार व जीवन शैली संतुलन के माध्यम से पुलिस कर्मियों व उनके परिवारों के सर्वांगीण स्वास्थ्य संवर्धन हेतु प्रदेश स्तरीय व्यवस्था लागू करने करने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस कार्य को प्रभावी बनाने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस ने हार्टफुलनेस संस्था से एक गठबंधन किया है, जिसके अंतर्गत एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मानस भवन में तुलसी मानस भारती पुस्तक का विमोचन किया।

## माल लदान के नए अवसरों पर जोर, मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में हुई विशेष बैठक

### भोपाल मंडल में माल लदान के मुद्दों पर रेलवे की अहम बैठक का आयोजन

भोपाल (निप्र)। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी की अध्यक्षता में माल लदान वेंडरों के साथ बैठक का आयोजन भोपाल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य माल लदान को प्रोत्साहित करना और रेलवे के राजस्व में वृद्धि के उपायों पर चर्चा करना था। बैठक में आईटीसी, भारतीय खाद्य निगम, मध्य प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मंडीदीप कंटेनर कॉरपोरेशन इत्यादि के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से गत वर्ष एवं इस वर्ष के आंकड़ों पर चर्चा की गई, जिससे व्यापारिक परिवहन के रुझानों और संभावनाओं का विश्लेषण किया जा सके। रेलवे द्वारा प्रस्तावित सुविधाओं पर विशेष जोर दिया गया, जहां व्यापारियों को विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी दी गई। इन योजनाओं का उद्देश्य व्यापारियों को रेलवे के माध्यम से अधिकाधिक माल परिवहन के लिए प्रेरित करना था। व्यापारियों द्वारा माल लदान और परिवहन में आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा की गई और रेलवे ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन में बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट (बीडीयू) के अधिकारियों द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि व्यापारी अपने माल को रेलवे के




माध्यम से परिवहन करने में रुचि लें। बैठक में भविष्य में माल लदान को और अधिक बढ़ावा देने के लिए नए उपायों और योजनाओं पर भी विचार किया गया। इसमें माल परिवहन के लिए बेहतर सुविधाएं और डिजिटल तकनीकों के उपयोग पर बल दिया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे रेलवे के माध्यम से अपने माल का परिवहन करें और रेलवे द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ उठाएं। इस बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय, मंडल परिचालन प्रबंधक प्रमोद तिवारी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक (गुड्स) धर्मेन्द्र कुमार सिंह और मुख्य वाणिज्य निरीक्षक शकेब फारूकी भी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 100 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एडीएम भूपेन्द्र गोयल, अंकुर मेश्राम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## पुराने कपड़ों की कतरनों से डायरी बनाने का प्रशिक्षण ले रही स्व सहायता समूह की महिलाएं

भोपाल (आरएनएस)। दानापानी कचरा ट्रांसफर स्टेशन स्थित रिसाईकिल हब में नारियल के खोल, फूल, पुराने कपड़े, नीबू आदि की रिसाईकलिंग एवं इनसे विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाने हेतु स्व सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दानापानी में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा नारियल के खोल से नर्सरी प्रोडक्ट व चिड़िया के घोसलें बनाने, फूलों के अपशिष्ट से गुलाल व अगरबत्ती, पुराने कपड़ों से रस्सी, डोरमेट व डायरी आदि बनाने का प्रशिक्षण लिया गया है और पुराने कपड़ों की कतरनों का उपयोग करके विभिन्न प्रकार की डायरी बनाई गई है। स्व सहायता सूमह की महिलाओं द्वारा पुराने कपड़ों से विभिन्न प्रकार की बनाई गई डायरियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

## मध्यप्रदेश बनेंगे 10 लाख पीएम आवास, कैबिनेट बैठक में सेमीकंडक्टर पॉलिसी को भी मिली स्वीकृति

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव ने 4 दिनों के जापान दौरे से लौटने के बाद कैबिनेट मंत्रियों के साथ बैठक की. इस बैठक में सीएम ने जापान दौरे का अनुभव कैबिनेट के साथ साझा किया. इस खास कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगी है. जिसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग से लेकर ड्रोन संवर्धन नीति और सेमीकंडक्टर पॉलिसी पर भी अहम फैसले लिए गए हैं. कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस बैठक की जानकारी दी. कैलाश विजयवर्गीय ने बताया, पीएम आवास योजना में प्रथम चरण में देश में बेहद सफल रहा, एमपी में 9 लाख 50 हजार आवास स्वीकृत हुए थे. जिसमें से 8 लाख 50 हजार आवास तैयार करके आवंटित किए जा चुके हैं, पीएम आवास 2.0 में एमपी में 10 लाख आवास बनेंगे. कल्याणी महिलाओं, दिव्यांग, सीनियर सिटिजन, ट्रांसजेंडर के साथ सफाईकर्मी, पीएम स्वनिधि के स्ट्रीट वेंडर, पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभान्वित, निर्माण श्रमिक, मलीन बस्तियों के रहवासियों समेत अन्य को यह आवास दिए जा सकेंगे. एमपी को झुग्गी मुक्त बनाने की दिशा में सरकार काम करेगी।

## जांच एजेंसियों की रडार पर सौरभ शर्मा के कई सहयोगी और अधिकारी

भोपाल (आरएनएस)। परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के करीबियों पर अब जांच एजेंसियों की नजर टेढ़ी हो गई है। लोकायुक्त पुलिस मामले की जांच कर रही है। लेकिन लोकायुक्त पुलिस के साथ ईडी और अन्य एजेंसियां भी जांच कर रही हैं। सौरभ शर्मा के दो दर्जन खास सहयोगी, जिनसे संपत्तियों को लेकर शर्मा से संबंध हैं। उनके साथ आधा दर्जन अधिकारी भी लोकायुक्त पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों की रडार पर हैं। बताया जाता है कि सौरभ शर्मा की काली कमाई में आधा दर्जन अधिकारी साझेदार हैं। लोकायुक्त पुलिस संगठन शर्मा और उसके साझेदारों से शुरुआती पूछताछ के बाद जांच का दायरा बढ़ा रहा है। लोकायुक्त पुलिस ने 28 जनवरी को नाटकीय घटनाक्रम में सौरभ को जिला अदालत के बाहर से गिरफ्तार किया था, जहां वो समर्पण करने पहुंचा था। इसके बाद ही सौरभ के पार्टनर चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल को भी हिरासत में ले लिया था। रात भर एक थाने में तीनों को साथ रखा गया था। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस कार्यालय में तीनों से अलग-अलग पूछताछ कर रही है।

## आनंदमय जीवन के गुर सीख रहे खाद्य विभाग में अधिकारी

भोपाल (आरएनएस)।खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के 64 अधिकारी/कर्मचारी आनंदित जीवन के रहस्य सीखने के लिए 29 से 31 जनवरी तक एनआईटीटीटीआर भोपाल शामिल हुए। आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर्स ने जीवन का लेखा-जोखा, संपर्क सुधार, दिशा, रिश्तों की गहराई और पावर ऑफ साइलेंस जैसे प्रभावी टूल्स के माध्यम से सुखी और संतुलित जीवन जीने के गुर सिखाए। कार्यक्रम के समापन सत्र में संयुक्त नियंत्रक के.एस. चौहान, आनंद संस्थान के सीईओ आशीष कुमार, निदेशक प्रवीण गंगराड़े और सत्यप्रकाश आर्य उपस्थिति रहे। विशेषज्ञों की टीम, जिसमें डॉ. सुधीर आचार्य, हितेंद्र बुडोलिया, प्रेमांजलि त्रिवेदी, आशा असाटी, लखन लाल असाटी और प्रदीप महतो ने प्रतिभागियों को प्रेरणादायक और व्यावहारिक सीख जानकारी दी। विशेष प्रशिक्षण न केवल अधिकारियों के व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन को संतुलित करने में मदद करेगा, बल्कि सकारात्मक सोच और आनंदित रहने की कला को भी बढ़ावा देगा।

## भिक्षावृत्ति प्रतिबंध का पालन कराने एवं कार्यवाही करने तथा चिन्हित लोगों को आश्रय स्थल प्रतिस्थापित करने गठित किया दल

भोपाल (आरएनएस)।ट्रैफिक्र सिग्नल, चौराहों, धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भिक्षावृत्ति पर रोक लगाए जाने के लिए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत धारा 163 का आदेश जारी कर भोपाल जिले के समस्त राजस्व सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने दल गठित कर भिक्षावृत्ति को रोके जाने एवं कार्यवाही करने तथा चिन्हित लोगों को आश्रय स्थल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोलार प्रतिस्थापित करने के लिए आर के सिंह संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग, रणवीर कुमार, अपर आयुक्त नगर निगम, सुनील सोलंकी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एवं सुधीर कुमार श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन कर कराएँ बोर्ड परीक्षायें : कलेक्टर

## संबंधित अधिकारियों को बैठक लेकर दिए निर्देश




ग्वालियर (ए.)। परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में परीक्षार्थियों और परीक्षा ड्यूटी में संलग्न शासकीय सेवकों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जो दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, उनका अक्षरशः पालन कर दसवीं व बारहवीं बोर्ड की परीक्षायें सम्पन्न कराएं। दिशा-निर्देशों के उल्लंघन पर केन्द्राध्यक्ष सहित अन्य संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी बैठक में दिए। उन्होंने जिले में परीक्षाओं को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिये जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी है। बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार सहित संभागीय संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा दीपक पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के दिशा-निर्देशानुसार केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं कलेक्टर प्रतिनिधि व प्रेक्षकों की ड्यूटी रेंडम पद्धति से लगाई जायेगी। ड्यूटी में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। अत्यधिक आवश्यक होने पर माध्यमिक शिक्षा मण्डल की अनुमति के बाद ही ड्यूटियों में कोई परिवर्तन किया जा सकेगा। पुलिस थाने से कड़ी निगरानी के बीच प्रश्न-पत्र के बॉक्स संबंधित परीक्षा केन्द्र तक पहुँचाए जायेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में परीक्षार्थियों एवं परीक्षा कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। ज्ञात हो मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल के तहत हायर सेकेण्ड्री (12वी) की परीक्षायें 25 फरवरी से शुरू होकर 25 मार्च तक आयोजित होंगीं। इसी तरह हाई स्कूल (10वी) की परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होकर 21 मार्च तक चलेंगीं।

## नवनियुक्त कलेक्टर ने कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया

बुरहानपुर (आरएनएस)। नवनियुक्त कलेक्टर हर्ष सिंह ने पदभार संभालने के तीन दिन बाद मंगलवार को कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले को संयुक्त जिला कार्यालय पहुंचकर शिकायत शाखा में लंबित आवेदनों की जांच की और निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग, एलडीएम कार्यालय, आबकारी, कृषि, लोक सेवा प्रबंधन समेत विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। साथ ही रिकॉर्ड रूम और निर्वाचन शाखा का भी जायजा लिया। इस दौरान एडीएम वीर सिंह चौहान, डिप्टी कलेक्टर अजमेरसिंह गौड़ और राजेश पाटीदार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जनसुनवाई में एक नवाचार करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अलग-अलग विभागों के अधिकारियों को ऑनलाइन जोड़ा। एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ और नगर पालिका सीएमओ सहित सभी संबंधित अधिकारी वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे। कलेक्टर ने 35 लोगों की समस्याएं सुनीं और तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर समाधान का निर्देश दिया।

# पगारा की धागा फैक्ट्री में लगी आग, मशीने और सामान जलकर खाक पगारा की धागा फैक्ट्री



गुना (आरएनएस)। जिले के पगारा स्थित एक धागा फैक्ट्री के एक हिस्से में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई, जिससे वहां रखी मशीनें और सामान जलकर खाक हो गया। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी ।

सुबह 10:30 बजे लगी आग, दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे फैक्ट्री के एक हिस्से में अचानक आग लगने की सूचना मिली। आग इतनी तेज थी कि वहां रखा सामान और मशीनें पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं । जैसे ही घटना की खबर मिली, तुरंत गुना से दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड को अंदर भेजने के लिए फैक्ट्री की एक दीवार का कुछ हिस्सा भी तोड़ना पड़ा । दमकल कर्मियों ने घंटों की कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार आग पर काबू पा लिया। प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। मौके पर एसडीएम शिवानी पांडे, ग्रामीण तहसीलदार कमल मंडेलिया और नगरपालिका की टीम भी पहुंची और हालात का जायजा लिया ।अधिकारियों ने हालात को नियंत्रित करने के लिए जरूरी निर्देश दिए । शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका, बड़ा हादसा टला प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।


हालांकि, अधिकारियों ने पूरी घटना की विस्तृत जांच कराने की बात कही है। राहत की बात यह रही कि आग सिर्फ फैक्ट्री के एक हिस्से तक ही सीमित रही और दूसरे हिस्से में नहीं फैली। फैक्ट्री के दूसरे हिस्से में बड़ी मात्रा में धागा रखा हुआ था,अगर आग वहां तक पहुंच जाती, तो नुकसान और भी ज्यादा हो सकता था।

# विश्व कैंसर दिवस पर जिला चिकित्सालय में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया




बैतूल (आरएनएस)। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 193 चिह्नित बालिकाओं में से 127 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई गई। कार्यक्रम रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में हुआ। इस दौरान वर्कशॉप में स्त्री रोग विशेषज्ञ और सर्वाइकल कैंसर की नोडल ऑफिसर डॉ. इशा डेनियल ने जरूरी जानकारी साझा की। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए 9 से 14 साल की बालिकाओं के टीकाकरण पर जोर दिया। मध्य प्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के जनरल सेक्रेटरी रामेंद्र सिंह ने बताया कि संस्था पूरे प्रदेश में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के लिए जागरूकता फैला रही है। स्थानीय विधायक हेमंत खंडेलवाल ने सरकार से 9-14 साल की सभी बालिकाओं के लिए वैक्सीनेशन की नीति बनाने का आग्रह किया। इसके अलावा शहर के कई स्कूलों में कैंसर के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाया गया। समाजसेवी बबलू दुबे ने इस मौके पर पिंक रिबन अभियान चलाकर लोगों को कैंसर के खतरों को लेकर जागरूक किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बास्कर, सीएमएचओ डॉ. रविकांत उइके, सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे, रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. अरुण जयसिंहपुरे समेत कई गणमान्य लोग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में इनामी आरोपी गिरफ्तार



दतिया (आरएनएस)। थरेट थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 22 जून 2024 को हुई थी, जब किशोरी शौच के लिए घर से निकली और वापस नहीं लौटी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने जावेद खान के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया था। 8 महीने से फरार चल रहे बारे उर्फ मानपाल यादव (22) पर पुलिस अधीक्षक ने 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने एक सप्ताह में ही पीड़िता और मुख्य आरोपी को हैदराबाद से पकड़ा। पीड़िता के बयान पर मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गईं। पीड़िता ने अरविंद तिवारी और बारे यादव का नाम भी लिया था। मुख्य आरोपी जाबिर खान और सह-आरोपी अरविंद तिवारी पहले ही गिरफ्तार हो चुके थे। थाना प्रभारी अनफासुल हसन ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया।

# बिजली के तार चोरी करने वाले सगे भाई गिरफ्तार



दतिया (आरएनएस)। पंडोखर थाना पुलिस ने मंगलवार को अंतरराज्यीय बिजली तार चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल और वारदात में इस्तेमाल की गई टवेरा गाड़ी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी बृजेश (28) और गोविंद (23), दोनों सगे भाई हैं और गुमानपुरा गांव के निवासी हैं। इन्होंने अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर 20 दिसंबर 2024 को उड़ी मौजा में 11 केवी के 5 खंभों के तार और कडूरा हार में 11 केवी के 8 खंभों के बिजली के तार चोरी किए थे। इसके अलावा 31 जनवरी 2025 की रात में कडूरा बंबा के पास मौजा सालोन कडूरा के हार से 11 केवी के 5 खंभों के तार भी चुराए थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके बाद ठाकुरबाबा वाले कच्चे सैर पर मौजा सालोन बी में दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। जांच में उनकी गाड़ी से कपड़े में छिपाकर रखे गए बिजली के कटे हुए तारों के बंडल बरामद हुए। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने थाना गोदन, थाना थरेट, थाना डीपार और भिंड जिले के आलमपुर थाने में भी तार चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भांडेर में पेश किया गया है।

## किराया जमा नहीं करने वाले 5 दुकानदारों की दुकानों को किया गया सील

गुना (आरएनएस)। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में नगर परिषद् कुम्भराज की आधिपत्य की ऐसी दुकानों जिनका किराया कई वर्षों से बाकी चला आ रहा था, उन दुकानों को चिन्हित कर आज 05 दुकानों को मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर अमित सोनी व नगर परिषद् अमले के द्वारा ताला लगाकर सील की गयी एवं दुकानदारों को हिदायत दी गयी की जिन दुकानदारों का किराया अभी तक बाकी चला आ रहा है वह शीघ्र ही अपना किराया जमा कराएं, अन्यथा आगामी कार्यवाही में उन बकायेदारों की दुकान ताला डालकर सील की जावेगी।

## ऑटो चालक से लाखों की ठगी,पुलिस-साइबर सेल ने 6 दिन में वापस कराए

बुरहानपुर (आरएनएस)। दाउदपुरा के रहने वाले ऑटो चालक इरफान पिता यूसुफ के साथ हुई लाखों रुपए की ठगी को पुलिस और साइबर सेल ने सिर्फ 6 दिनों में सुलझा दिया। इरफान ने बताया कि उसे एक अनजान नंबर से फोन आया। कॉलर ने लोन की किस्त बाद में भरने का झांसा देकर एक एप्लिकेशन डाउनलोड करने को कहा। एप्लिकेशन डाउनलोड करते ही उसका मोबाइल हैक हो गया और उसके खाते से 1 लाख 6 हजार रुपए कट गए। घटना के तुरंत बाद इरफान कोतवाली थाने पहुंचा, जहां टीआई एसआर सोलंकी ने उसे साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने में मदद की। हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज होते ही राशि को होल्ड कर दिया गया और छठे दिन पूरी रकम इरफान के खाते में वापस आ गई। इसी तरह एक अन्य मामले में भी पुलिस ने एक पीड़ित के 80 हजार रुपए वापस दिलाने में सफलता हासिल की। पुलिस का कहना है कि साइबर ठगी के शिकार होने के 30 मिनट के अंदर 1930 पर कॉल करने से पैसे वापस पाने की संभावना 100 प्रतिशत रहती है।

# व्यापार समाचार

## बंगाल में दशक के अंत तक 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी रिलायंस, बोले मुकेश अंबानी



नई दिल्ली (ए.)। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बुधवार को इस दशक के अंत तक पश्चिम बंगाल में 50,000 करोड़ रुपये के नए निवेश की प्रतिबद्धता की घोषणा की। बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) 2025 में बोलते हुए अंबानी ने कहा कि इस निवेश से राज्य में एक लाख नौकरियां पैदा होंगी।

उन्होंने कहा, "रिलायंस ने पिछले दशक में बंगाल में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस दशक के अंत तक 50,000 करोड़ रुपये का और निवेश किया जाएगा। हमारा निवेश डिजिटल सेवाओं, हरित ऊर्जा और खुदरा सहित कई क्षेत्रों में फैला होगा।" अंबानी ने राज्य में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए रिलायंस की प्रतिबद्धता की पुष्टि की तथा बंगाल के कारोबारी परिदृश्य को बदलने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

दूसरी ओर, आरपी-संजीव गोयनका समूह के अध्यक्ष संजीव गोयनका ने बुधवार को अगले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की।

# शेयर बाजार फिर फिसला; सेंसेक्स 312 अंक गिरा, निफ्टी 23700 से नीचे आया

नई दिल्ली (ए.)। आरबीआई की मौद्रिक नीति के फैसले और अमेरिका से टैरिफ वार की चिंताओं के बीच निवेशकों के सतर्क रुख के कारण बुधवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 312.53 अंक या 0.40 प्रतिशत गिरकर 78,271.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 367.56 अंक या 0.46 प्रतिशत गिरकर 78,216.25 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 42.95 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 23,696.30 पर आ गया।

**मंगलवार की तेजी के बाद बाजार में दिखी मुनाफावसूली**

मंगलवार की तेजी के बाद मुनाफावसूली और रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिरने से भी बाजार की धारणा प्रभावित हुई। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बाद मंगलवार को सेंसेक्स 1,397.07 अंक और निफ्टी 378.20 अंक चढ़कर एक महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ था।

सेंसेक्स के 30 शेयरों वाले शेयरों में एशियन पेंट्स में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। कंपनी ने कमजोर मांग और कमजोर त्योहारी सीजन के कारण दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ में 23.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,128.43 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की।




टाइटन, नेस्ले, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, आईटीसी, जोमैटो और बजाज फिनसर्व भी पिछड़ने वालों में शामिल थे। अदाणी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स और एचडीएफसी बैंक प्रमुख लाभ में रहे।

**भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया और निर्णय की घोषणा शुक्रवार (7 फरवरी) को की जाएगी। बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि बिक्री और उत्पादन में धीमी वृद्धि के बीच भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधि जनवरी में दो वर्षों में सबसे धीमी गति से बढ़ी।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स दिसंबर में 59.3 से गिरकर जनवरी में 56.5 पर आ गया - जो नवंबर के बाद से इसका निम्नतम स्तर है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है।

**रुपये में गिरावट बन रहा बाजार की राह का रोड़ा**

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "घरेलू बाजार में नकारात्मक रुख के बीच सीमित दायरे में कारोबार हुआ।



## मुफ्त राशन ले रहे अपात्र लोगों की छंटनी की हो रही तैयारी, आयकर विभाग की ली जाएगी मदद

नई दिल्ली (ए.)। सरकार 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' (पीएमजीकेएवाई) के तहत ऐसे लोगों के पहचान की तैयारी कर रही है, जो अपात्र होते हुए योजना का लाभ रहे हैं। खबर है कि ऐसे लोगों की पहचान के लिए अब आयकर विभाग की मदद ली जाएगी।

एक कार्यालय आदेश में कहा गया है कि आयकर विभाग पीएमजीकेएवाई के तहत अपात्र लोगों को लाभार्थियों की सूची से हटाने के लिए अपने आंकड़ों को खाद्य मंत्रालय के साथ साझा करेगा। पीएमजीकेएवाई के तहत उन गरीब परिवारों को मुफ्त राशन दिया जाता है जो आयकर का भुगतान नहीं करते हैं। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में पीएमजीकेएवाई के लिए 2.03 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो चालू वित्त वर्ष के 1.97 लाख करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से अधिक है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को देश में कोविड-19 महामारी से हुए आर्थिक गतिरोधों के कारण गरीबों और जरूरतमंदों को होने वाली मुश्किलें कम करने के विशिष्ट उद्देश्य से शुरू किया गया था। हालांकि, सरकार ने पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त खाद्यान्न वितरण की अवधि एक जनवरी, 2024 से पांच साल के लिए बढ़ा दी है। सीबीडीटी के अनुसार आयकर महानिदेशक (सिस्टम) को उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में खाद्य वसार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) के संयुक्त सचिव को जानकारी देने का अधिकार होगा।

नई व्यवस्था के मुताबिक, डीजीएलटी (सिस्टम), नयी दिल्ली को डीएफपीडी कर निर्धारण वर्ष के साथ आधार या पैन नंबर उपलब्ध कराएगा। यदि पैन या दिया गया आधार आपस में जुड़े हैं तो डीजीआईटी (सिस्टम) आयकर विभाग के डेटाबेस के अनुसार निर्धारित आय के संबंध में डीएफपीडी को जवाब देगा। यदि लाभार्थी का आधार नंबर आयकर डेटाबेस में किसी भी पैन से नहीं जुड़ा है, तो डीजीआईटी (सिस्टम) इसकी सूचना डीएफपीडी को देगा। इस तरह के जवाब और सूचना के लेनदेन का तरीका डीजीएलटी (सिस्टम) और डीएफपीडी तय करेंगे।

# एटीएम से कैश निकालना हो सकता है महंगा, फीस बढ़ाने की तैयारी में आरबीआई

नई दिल्ली(ए.)। अगर आप भी हर महीने एटीएम से कैश निकालते हैं या डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल न करके कैश पेमेंट करते हैं तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। रिजर्व बैंक एटीएम से कैश निकालने पर फीस बढ़ाने पर विचार कर रहा है। वर्तमान में, रिजर्व बैंक महीने में 5 मुफ्त कैश विथड्रावल प्रदान करता है। हालांकि, अब आरबीआई इन 5 लेनदेन की सीमा से अधिक पर लगने वाले चार्ज और एटीएम इंटरचेंज फीस को बढ़ाने की योजना बना रहा है। हिंदू बिजनेसलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, आपको ATM से कैश निकालने के लिए अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं।

**कितना बढ़ेगा चार्ज ?**

रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई ने पांच बार मुफ्त सीमा पूरी होने के बाद कैश निकालने के चार्ज को मौजूदा 21 रुपये से बढ़ाकर 22 रुपये करने की सिफारिश की है। इसके अलावा, आरबीआई ने कैश लेनदेन के लिए एटीएम इंटरचेंज फीस को 17 रुपये से बढ़ाकर 19 रुपये करने की भी सिफारिश की है। इंटरचेंज फी दूसरे बैंक के एटीएम से एक सीमा के बाद पैसे निकालने पर लगाई जाती है। यानी कि यह एटीएम सर्विस इस्तेमाल करने के बदले एक बैंक की तरफ से दूसरे बैंक को दी जाने वाली फीस है।


रिपोर्ट के मुताबिक, बैंक और व्हाइट-लेबल एटीएम ऑपरेटर मेट्रो




और नॉन-मेट्रो शहरों में फीस बढ़ाने की आरबीआई की सिफारिश से सहमत हैं। हालांकि, अभी इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक और आरबीआई ने कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ती महंगाई और पिछले दो सालों में 1.5-2 प्रतिशत की दर से बढ़ते उधार लागत, ट्रांसपोर्टेशन पर ज्यादा खर्च, कैश रीप्लेनिशमेंट और लागत के कारण नॉन-मेट्रो शहरों में एटीएम चलाने का खर्चा तेजी से बढ़ रहा है।

## शार्प बिज़नेस सिस्टम्स ने किया एनईसी इंडिया के डिस्प्ले बिजनेस का अधिग्रहण

नई दिल्ली(ए.)। भारत के डिस्प्ले टेक्नोलॉजी क्षेत्र को नई दिशा देने की अपनी योजना के तहत, शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) ने एनईसी इंडिया के डिस्प्ले बिजनेस का अधिग्रहण किया है। इस कदम से शार्प के विजुअल सॉल्यूशंस पोर्टफोलियो में काफी विस्तार होगा, जो भारत के तेजी से बढ़ते डिस्प्ले बाजार के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करेगा। यह अधिग्रहण रिटेल, शिक्षा, एविएशन, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर और स्मार्ट सिटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों को सशक्त बनाने में मदद करेगा।




यह साझेदारी दर्शाती है कि शार्प नवाचार के मामले में अग्रणी स्थान पर है, और भारत के विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल परिवर्तन को गति देने और बेमिसाल मूल्य प्रदान करने के लिए तैयार है। एनईसी डिस्प्ले बिजनेस के साथ मिलकर, शार्प अब बी2बी और विशेष बाजारों में प्रभावी तरीके से सेवाएँ देने में सक्षम है, जिससे भारतीय ग्राहकों को कस्टमाइज्ड समाधान, बेहतरीन कस्टमर सपोर्ट और डिस्प्ले टेक्नोलॉजीस की पूरी रेंज मिल सकेगी। शार्प उन इंडस्ट्रीज़ को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ 24/7 संचालन जरूरी हैं, जैसे कि मैन्युफैक्चरिंग, कंट्रोल सेंटर्स और एयरपोर्ट्स। यह मर्जर शार्प को अपने साझेदार क्षेत्र का और विस्तारित करने का अवसर देता है, जिससे नए क्षेत्रों में विकास के अवसर खुलते हैं और भारत में डिजिटल विकास में कंपनी की नेतृत्व की स्थिति और मजबूत होती है।

## अदाणी पोर्ट्स ने जनवरी में रिकॉर्ड 39.9 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो किया हैंडल

अहमदाबाद (ए.)। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने इस साल जनवरी में अब तक का सबसे अधिक 39.9 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कार्गो हैंडल किया। यह पिछले साल की तुलना में 13 फीसदी अधिक है। इस उपलब्धि में कंटेनर कार्गो में 32 फीसदी और तरल पदार्थ और गैस में 18 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। यह जानकारी एपीएसईजेड ने मंगलवार को दी।अदाणी समूह के इस प्रमुख बंदरगाह ने जनवरी 2025 में कुल 372.2 एमएमटी कार्गो हैंडल किया। यह सालाना आधार पर 20 फीसदी की वृद्धि है। इसमें तरल पदार्थ और गैस की हैंडलिंग में भी 9 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## सीबीएसई का फैसला निःसदेह महत्वपूर्ण पहल

अगले महीने से होने जा रही 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं को पारदर्शी तरीके से कराने को लेकर केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का फैसला नि:संदेह महत्त्वपूर्ण पहल है। बोर्ड ने फैसला किया है कि अगर किसी परीक्षार्थी ने प्रश्नपत्र को सोशल मीडिया पर डाला तो उसकी चार वर्ष की परीक्षा रद्द कर दी जाएगी। यानी उस परीक्षार्क्षी का मौजूदा पेपर तो रद्द होगा ही, साथ ही उसे अगले तीन वर्ष की परीक्षाओं में बैठने पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। दरअसल, बोर्ड की ऐसी सख्ती वक्त की मांग है। कई बार से ऐसा देखा गया है कि परीक्षार्थी उत्साह में आकर या बेवकूफी में प्रश्नपत्र को सोशल मीडिया पर वायरल कर देता है। इससे बाहर यह संदेश जाता है कि परीक्षा निष्पक्ष नहीं हुई और यह संदेश फैलते क्षण भर की भी देरी नहीं होती कि प्रश्नपत्र लीक हो गया। जाने-अनजाने इससे भ्रम फैलता है और सरकार के साथ-साथ बोर्ड भी दबाव में आ जाती है। साथ ही ईमानदारी से परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों का मनोबल गिरता है। सीबीएसई ने इन मामलों की जांच के लिए एक कमिटी बनाई है, जिसकी सिफारिश के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अनफेयर मीस के नियमों में ऐसे कई नियमों को शामिल किया गया है। यह देखने में आया है कि शैक्षणिक परीक्षाओं से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं तक में बड़े पैमाने पर अनियमितता और फर्जीवाड़ा किया जाता रहा। इन सबका प्रभाव देश की परीक्षा प्रणाली पर काफी बुरा पड़ता है। वैसे भी परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी लगाने, परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन या कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के इस्तेमाल न करने का निर्देश देना उन छात्रों के लिए भी तो बुरी बात है। यह सभी विद्यार्थियों के लिए निश्चित तौर पर सोचने-विचारने की बात है कि उनके लिए इतने सारे सख्त नियम-कायदे अमल में लाए जाएं। आखिर क्यों उन्हें परीक्षा में नकल करने या अनुचित व्यवहार करने के लिए विवश होना पड़ता है? इस बाबत उन स्कूलों, उन विद्यार्थियों और उनके परिजनों को भी संवेदनशील और संजीदा होकर मंथन करने की आवश्यकता है। गलत तरीकों से परीक्षा में अंक लाना बहादुरी नहीं है। कॅरियर में आगे बढने् के लिए ईमानदारी से किए गए प्रयास और दुनियादारी को समझना ही अच्छे अंक की गारंटी है। नकल करके प्रथम श्रेणी में पास होना विद्यार्थियों को क्षणिक खुशी तो देगा, मगर उन्हें जीवन पथ पर पीछे धकेल देगा।

# पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट

विनीत नारायण

शीतल पेयों के जरिए हम ऐसे कीटनाशकों को निगल रहे हैं, जिनके लंबे समय तक सेवन करने से कैंसर, स्नायु और प्रजनन तंत्र को क्षति, जन्मजात शिशुओं में विकृति और इम्यून सिस्टम तक में खराबी आ सकती है। पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट सिर्फ विदेशी कंपनियों के इन शीतल पेयों तक ही सीमित नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व बोतल बंद मिनरल वाटर के दूषित होने को लेकर भी काफी बवाल मचा था।

शर्बत और लस्सी के देश भारत के अधिकांश लोग पश्चिमी बयार में बहकर खुद को मॉडर्न' साबित करने के लिए दूषित' शीतल पेयों का जमकर उपयोग कर रहे हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इन शीतल पेयों के जरिए हम ऐसे कीटनाशकों को निगल रहे हैं, जिनके लंबे समय तक सेवन करने से कैंसर, स्नायु और प्रजनन तंत्र को क्षति, जन्मजात शिशुओं में विकृति और इम्यून सिस्टम तक में खराबी आ सकती है।

कुछ समय पहले राष्ट्रीय कंपनियाँ जिन शीतल पेयों को आम भारतीयों के गले के नीचे उतार रही हैं, वह सेहत के लिए ठिक है या नहीं यह तो विस्तृत जांच पड़ताल के बाद ही पता चलेगा।

गैर-सरकारी संगठन सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरन्मेंट (सीएसई) के अनुसार यह विदेशी कंपनियां भारत के साथ भेदभाव बरत रही हैं।

अमेरिका और अन्य दूसरों देशों में इनके उत्पादों की गुणवत्ता का बारीकी से ध्यान रखा जाता है, जबकि भारत में यह पैसे बचाने के लिए कीटनाशकों का घोल जनता को पिलाते हैं।

पर, पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट सिर्फ विदेशी कंपनियों के इन शीतल पेयों तक ही सीमित नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व बोतल बंद मिनरल वाटर के दूषित होने को लेकर भी काफी बवाल मचा था।

उस समय सीएसई ने देसी-विदेशी विख्यात कंपनियों के बोतल बंद पानी के दिल्ली में 17 और मुंबई में क्लोरोपाइरोफोस, मेलाथियान जैसे कीटनाशक पाए जाने की पुष्टि की थी।

इसके बाद सरकार को होश आया और उसने भारतीय मानक ब्यूरो की सिफारिश के आधार पर बोतल बंद पानी की शुद्धता बरकरार रखने के लिए खाद्य अपमिश्रण कानून में कुछ फेरबदल कर इन्हें लागू करवा दिया।

हालांकि भारत के अधिकांश लोग नगर पालिका या नगर निगम द्वारा आपूर्ति किया जाने वाला जल अथवा नदियों के पानी को ही पीते हैं।

नगर पालिकाएं या नगर निगम इस पानी को स्वच्छ करने के लिए क्या कदम उठाती है, यह किसी से छिपा नही है। बाहरी जल की तो छोड़िए, पृथ्वी पर बढ़ते प्रदूषण के कारण भूगर्भीय जल भी अब स्वच्छ नहीं रहा है।



कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोगों से अनाज, सब्जी और फल तक दूषित हो गए हैं। यदि इनकी बिना सफाई किए हुए यूं ही खा लिया जाए, तो यह सेहत बनाने के बजाए उसका बेड़ागर्क कर देंगे।

ज्यादा पैदावार के चक्कर में किसान रासायनिक खादों का बेतरतीबी से इस्तेमाल कर रहे है। इसके दुष्परिणाम भी उनके सामने आने लगे हैं। भूमि बंजर हो रही है। उपज की गुणवत्ता में कमी आई है। जमीन से उपयोगी तत्व नष्ट हो रहे हैं, आदि-आदि।

कभी जहां इस देश में दूध-दही की नदियां बहा करती थीं, अब वहां हर चीज में मिलावट का आलम है। यहां तक कि दूध भी इससे अछूता नहीं रह गया है।

थोड़े से लाभ के लिए लोग सेहत के लिए बेहद नुकसानदेह पदार्थों से नकली दूध तैयार कर लोगों को पिला रहे हैं।

यूरिया, साबुन, और तेल जैसी खतरनाक चीजों को मिलाकर बनने वाले इस दूध में दूध नाम की कोई चीज ही नहीं होती।

लोग अज्ञानतावश मानव सभ्यता के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। इन्हें नहीं पता कि इस दूध को पीकर हमारे नौनिहाल, जो देश का भविष्य हैं, कितनी बीमारियों के चंगुल में फंस जाएंगे।

डॉ वर्गीज कुरियन ने भी भारत में ऑपरेशन फ्लड' शुरू करते समय यह नहीं सोचा होगा कि आम लोगों को दूध मुहैया कराने के लिए वह जिन डेयरियों को खुलवाने की बात कह रहे हैं, उनमें बरती जाने वाली लापरवाही गाय और भैंसों के लिए तो जानलेवा साबित होंगी ही, साथ ही वहां से मिलने वाला दूध भी आम आदमी के लिए मुफीद नहीं रहेगा।

भारत में डेयरियों की हालत ज्यादा अच्छी नहीं है। ज्यादा दूध लेने के चक्कर में गायों को हर साल गर्भवती करवा दिया जाता है, क्योंकि बच्चा होने के बाद दस माह तक वह ज्यादा दूध देती हैं।

हर रोज उन्हें ऑक्सीटोसिन के इंजेक्शन लगाए जाते हैं ताकि वे ज्यादा दूध दे सकें। परंतु यह इंजेक्शन उनके लिए कितने हानिकारक हैं, यह दूध दुहने वाले और डेयरी मालिक शायद नहीं जानते।

अगर उन्हें पता है तो वह और भी गंभीर अपराध कर रहे हैं, क्योंकि जानबूझकर किसी को मौत के मुंह में धकेलना, भारतीय ही नहीं विदेशी कानून में भी अपराध की श्रेणी में आता है।

यह सभी तरीके इन बेजुबान जानवरों के लिए तो खतरनाक है ही, साथ ही इनका दूध पीने वालों के लिए भी कम नुकसानदेह नहीं हैं।

इंडियन काउन्सिल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) द्वारा सात साल के शोध के बाद निकाले नतीजों में पाया कि जिस गाय के दूध को सदियों से हम पूर्ण आहार मानकर पीते चले आ रहे हैं, वह भी क्लोहैक्सेन (एचसीएच), डेल्ड्रिन, एल्ड्रिन जैसे खतरनाक कीटनाशक भारी मात्रा में मौजूद हैं।

रिपोर्ट कहती है कि किसी व्यक्ति को डेयरी का दूध और उसके उत्पाद खाने-पीने को दिए जाएं तो उसे दिल का दौरा पडने् की संभावना दो से छह गुना तक बढ़ जाती है।

भारतीय खाद्य अपमिश्रण कानून एक किलो में केवल 0.01 मिलीग्राम एचसीएच की अनुमति देता है, जबकि आईसीएमआर की रिपोर्ट में यह 5.7 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम निकला।

इसके अलावा वैज्ञानिकों को दूध में आर्सेनिक, कैडमियम और सीसा जैसे खतरनाक अपशिष्ट भी मिले। यह इतने खतरनाक हैं कि इनसे किडनी, दिल और दिमाग तक क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।


बात सिर्फ गाय और भैंस के दूध तक ही सीमित नहीं है। खेती के दौरान भारी मात्रा में कीटनाशकों के प्रयोग से बच्चे के लिए अमृत कहा जाने वाला मां का दूध भी शुद्ध नहीं रह गया है।

अमेरिका में हुए एक शोध में अमेरिकी औरत के दूध में कीटनाशकों के साथ-साथ सौ से भी ज्यादा औद्योगिक रसायन पाए गए।

इस शोध में तो यहां तक कहा गया कि यदि इस दूध को बोतल में बंद करके बाजार में बेचने की कोशिश की जाए तो, अमेरिकी सरकार इसकी इजाजत नहीं देगी।

पर, अनेक नुकसानदेह रसायनों के बावजूद मां का दूध बच्चे के पोषण के लिए बहुत जरूरी है। यह नवजात शिशु को अनेक बीमारियों से लडने् की ताकत प्रदान करता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष करीब दो लाख लोग कीटनाशकों को खाकर काल के गाल में समा जाते हैं। यह संख्या पिछले दस-12 सालों में लगभग सात गुनी हो गई है।



दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कालकाजी विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने मादीपुर के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला।

# ऐसी शराबबंदी का क्या अर्थ

ओमप्रकाश मेहता

भारतीय राजनीति में संभवत: पहली बार मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ दल ने अपने उद्धेश्य की पूर्ति हेतु मानव मनोविज्ञान का सहारा लिया है, मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, जिसके चुनावी घोषणा-पत्र में प्रदेश में पूर्णत: शराबबंदी का उल्लेख था, अब वर्तमान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के डेढ़ दर्जन धार्मिक नगरों में एक अप्रैल से पूर्ण शराबबंदी की घोषणा की है, यद्यपि इस कदम से सरकार को आर्थिक क्षति पहुंचेगी, किंतु सत्तारूढ़ दल को इससे राजनीतिक लाभ अवश्य पहुंचेगा।

सरकार के इस फैसले को प्रदेश में पूर्ण नशाबंदी की दिशा में ठोंस कदम माना जा रहा है।

एक अप्रैल से जिन नगरों में शराबबंदी होगी वे धार्मिक शहर उज्जैन, मण्डला, मुलताई, मंदसौर, मैहर, दतिया, अमरकंटक, औंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, औरछा, चित्रकुट, सलकनपुर, कुण्डलपुर, बरमानकला, लिंगा बरमान खुर्द और बांदकपुर है, इन नगरों में शराबबंदी से राज्य सरकार को करीब पांच सौ करोड़ की राजस्व आय कम हो जाएगी।

अब तक नर्मदा तट के बीस जिलों में पांच किलोमीटर' क्षेत्र में शराबबंदी लागू थी और उज्जैन सहित अन्य धार्मिक नगरों में मुख्य धार्मिक स्थानों से 100-200 मीटर दायरें में पाबंदी थी।

सरकार के इस कदम को प्रदेश में पूर्ण नशाबंदी की राह का पहला कदम बताया जा रहा है।

स्वयं मुख्यमंत्री ने इसे नीतिगत फैसला बताया, प्रदेश के इन उन्नीस नगरों में एक भी शराब की दुकान नही रहेगी, सभी मौजूदा दूकानें हमेशा के लिए बंद हो जाएगी

भाजपा का दावा है कि कांग्रेस की सरकारें ऐसा कदम उठाने की हिम्मत नही कर पाई, क्योंकि इसमें सरकार के आर्थिक स्त्रोत में कमी आने वाली है,

यदि पूरे राज्य में पूर्णत: शराबबंदी की जाती है तो सरकार को करीब तीन हजार करोड़ की आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी,

इस हानि के बारे में सरकार का कथन है कि इस हानि की क्षतिपूर्ति अन्य श्रोतों से पूरी कर ली जाएगी। लेकिन यह मध्यप्रदेश का पहला अन्य राज्यों के लिए सार्थक अनुकरणीय कदम होगा।

इस कदम की घोषणा करते हुए सरकार ने यह भी कहा है कि यह फैसला सिर्फ शराबबंदी की दूकानों के लिए लिया गया है,

प्रदेश के नागरिकों पर शराबबंदी थोपने के लिए नहीं, वे अपने घरों में बैठकर शराब का सेवन कर सकते है, पर यहां मुख्य सवाल यह है कि प्रदेश में शराब की बिक्री पूर्णत: प्रतिबंधित हो जाएगी तो इसके शौकिन लोग अपना शौक कहां से पूरा कर पाएगें।

मध्यप्रदेश की मौजूदा सरकार का लक्ष्य आगामी एक दशक में पूरे राज्य में पूर्णत: शराबबंदी का है, लेकिन साथ ही इस लक्ष्य को लेकर कई संशय भी व्यक्त किए जा रहे है।

इसका मुख्य कारण प्रधानमंत्री का राज्य गुजरात है, जहां पिछले कई वर्षों से पूर्ण शराबबंदी लागू है, किंतु वहां पान की दूकानों तक शराब की बिक्री होना बताया जा रहा है, ऐसी शराबबंदी का क्या अर्थ है।

यदि मध्यप्रदेश में पूर्ण शराबबंदी करनी है तो फिर सरकार को सी इस मामले में ईमानदारी पूर्ण सख्ती अपनानी होगी, क्योंकि प्रदेश के मानव जीवन की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम में लापरवाही नही होनी चाहिए।

किंतु यह एक साहसपूर्ण ठोंस फैसला अवश्य होगा जो सत्तारूढ़ दल के लिए राजनीतिक दृष्टि से फायदेमंद सिद्ध होगा।




मेष राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने विचारों के साथ-साथ दूसरे लोगों के विचारों पर भी गौर देने की जरूरत है। आय के साधन बढ़ने के साथ-साथ खर्चो की भी अधिकता बनी रहेगी। बाहरी व्यक्तियों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ना होने दें। आज जीवनसाथी और परिवारजनों के साथ कुछ समय मनोरंजन में बिताएंगे। इससे मन प्रसन्न रहेगा और पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा।

वृष राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप अपने संपर्क में आने आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे। विचारों में स्थिरता और दृढ़ता रहने से आप अपने कार्यों को अच्छी तरह कर पाएंगे। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा बनी रहेगी। आज दूसरों के भरोसे अपने कार्यों को न छोड़ें, इसका असर आपके कार्यक्षेत्र में पड़ सकता है। अपनी बेहतर प्रतिभा को दिखाते हुए अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने की कोशिश करें। लवमेट मूवी देखने जा सकते हैं।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज किसी कंपनी से नये जॉब के लिए कॉल आ सकती है। साथ ही कम्प्यूटर कोर्स ज्वॉइन करना चाहते है तो आज का दिन शुभ है। आज जल्दबाजी की बजाए शांति और धैर्य पूर्ण तरीके से कामों को अंजाम देना आपके काम को ज्यादा सुगम बनाएगा। नजदीकी लोगों से मुलाकात फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार के साथ वस्त्र आभूषण जैसी खरीदारी में भी सुखद समय व्यतीत होगा।

कर्क राशि- आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। अगर आज नये बिजनेस की शुरूआत करने की सोच रहें है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है। जीवनसाथी के सहयोग से आपको किसी बड़े काम में सफलता मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आज अपनी व्यावसायिक कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगे। इंपोर्ट-एक्सपोर्ट के बिजनेस में फायदा होने के योग हैं। किसी मित्र से चल रही अनबन आज दूर होगी।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज उन चीजों को महत्व दें जो सच में आपके लिए महत्वपूर्ण हैं। आपको अपने दोस्तों और काम के बीच संतुलन बनाकर रखना होगा, जिससे आपको ज्यादा से ज्यादा काम करने का समय मिल सके। सोचा हुआ कार्य समय पर पूरा होने से आप अपने अंदर ऊर्जा और आत्मविश्वास महसूस करेंगे। संतान की किसी उपलब्धि से सुकून व खुशी महसूस होगी। आज अपने काम खुद ही करें और निवेश संबंधी गतिविधियों में जल्दबाजी न करें।

कन्या राशि- आज आपका दिन खास रहेगा। आज रास्ते में जाते समय आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है, जिसका फायदा आपको भविष्य में अवश्य मिलेगा। असमंजस की स्थिति में परिवार वालों की सलाह लेना अच्छा रहेगा। इस समय मार्केटिंग संबंधी कार्यों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। दांपत्य जीवन सुखद और मधुरता पूर्ण रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के जरूरी कामों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। किसी काम को करने में आज आपके सामने कठिनाइयां आएंगी, आप अपनी सूझ-बूझ से उनसे निपटने में सफल होंगे। आज समाज में आपको अपनी कार्यशीलता के लिए सम्मानित किया जा सकता है। साझेदारी संबंधी व्यापार की योजना बना रहे हैं तो उससे जुड़े सभी मामलों पर अच्छे से सोच-विचार कर लें। घर के बाहर रहकर जो लोग जॉब कर रहे हैं, उनको अपने परिवार वालों से मिलाने का मौका मिलेगा।

वृश्चिक राशि- आज पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएंगे। आपके इस विचार को देखकर परिवार का मन उत्साह से भर जाएगा। साथ ही आज घर पर अपना मनपसंद खाना खा सकते है। किसी उलझन का समाधान मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। अपने व्यक्तिगत कार्यों में किसी और का हस्तक्षेप न होने दें। इस राशि के जो लोग अपने करियर की नई शुरुआत करने की सोच रहे हैं, उनके लिए दिन अच्छा है।

धनु राशि- आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। इस राशि के बिजनेसमैन आज किसी जरूरी काम से विदेश की यात्रा कर सकते है। यात्रा लाभदायक होगी। कारोबार में बहुत सावधानी रखने की जरूरत है। धैर्य और संयम से मुश्किल समय निकल जाएगा। साझेदारी के व्यवसाय में पारदर्शिता बनाए रखने से अच्छा रहेगा। इस राशि के प्रोफेशर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी अच्छे कॉलेज से ऑफर आ सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपको सारे कामों में सफलता जरूर मिलेगी।

मकर राशि- आज आपका दिन राहत से भरा रहेगा। आर्थिक स्थिति में आज सुधार आएगा। समय का उचित सदुपयोग करें। सामाजिक गतिविधियों में आपके विचारों को विशेष प्राथमिकता मिलेगी। युवाओं का मन मुताबिक कार्य पूरा होने से सुकून मिलेगा। आज आपको जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार बदलने की जरूरत है। एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करें। घर के बुजुर्गों की विशेष देखभाल और आदर-मान बनाए रखें और उनके मार्गदर्शन पर भी ध्यान दें।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन लेना आपके लिए सहायक रहेगा। किसी विदेशी कम्पनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। घर का माहौल सुखद और शांतिपूर्ण बना रहेगा। किसी मित्र से मुलाकात होगी और पुरानी यादें ताजा होंगी। आज किसी कानूनी मामले में आपको राहत मिल सकती है। कमीशन का काम करने वाले लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा। आज परिवारवालों के साथ घर में पार्टी कर सकते हैं। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। बिजनेस में आपको फायदा मिलने वाला है। उधार दिया हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। दिन की शुरुआत कुछ व्यस्तता वाली रह सकती है लेकिन अंत में बेहतर परिणाम हासिल होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात लाभदायक रहेगी।

# कैलाश इंदौर के फ़िर बने सिरमौर

नितिनमोहन शर्मा

इंदौर के मामले में एक बार फ़िर ख़ालिस इन्दौरी कैलाश विजयवर्गीय सिरमौर बनकर उभरे। भाजपा नगर व जिला अध्यक्ष का पद आख़िरकार उन्हीं की झोली में आया। वे तब तक डटे व अड़े रहें, जब तक उनके मनोनुकूल निर्णय नही हुआ। न सत्ता उन्हें नजरअंदाज कर सकी और न संगठन। वो घेराबंदी भी काम नही आई, जो विजयवर्गीय को घेरने के लिये बनाई गई थी। मंत्री सहित जिले के 4 विधायक उनके ख़िलाफ़ लामबंद हुए थे। इस लामबंदी को ग्वालियर से लेकर भोपाल तक से बल भी मिल रहा था। कैलाश कैम्प ने अपने ख़िलाफ़ इंदौर से ग्वालियर व भोपाल से दिल्ली तक बनी व्यूहरचना से न सिर्फ़ पार पाया बल्कि उसे ध्वस्त भी कर दिया।

एक बार फ़िर विजयवर्गीय का सरकार व संगठन में दबदबा नज़र आया। आख़री तक इंदौर का फैसला नही हो पाया। न कोई हिम्मत दिखा पाया कि विजयवर्गीय को परे रख घोषणा की जाए। पूरे प्रदेश के जिलाध्यक्ष घोषित होने तक भी इंदौर की घोषणा का रुका रहना ही साबित कर गया कि फ़िलहाल तो इंदौर के मामले में विजयवर्गीय को नजरअंदाज नही किया जा सकता। जिले व नगर के फैसले में उन्हें एक बार फिर मालवा अंचल का क्षत्रप साबित किया।

नगर व ज़िले के कप्तान के मामले में भाजपा में इस बार जो हुआ, वैसा कभी नही हुआ। सब कुछ कांच की तरह साफ होने के बाद भी इंदौर की राह रोक ली गई। रायशुमारी को एक तरफ सरका दिया गया और नए नए समीकरण गढ़े गए ताकि अध्यक्ष कैलाश कैम्प से हटकर हो। इस काम में कांग्रेस की गुट बनाने वाली बीमारी भी पाल ली गई। जिले के 4 विधायक व एक मंत्री महोदय एकजुट भी हुए। इस कथित गुट को प्रदेश से जुड़े एक केंद्रीय मंत्री की मदद भी मुहैया हुई।

घर बैठी वयोवृद्ध नेता को भी उकसाकर खड़ा किया गया। उन्होंने भी वीटो लगाया लेक़िन वे सतर्क भी बनी रहीं। सीएम के सपोर्ट का शोर भी मचाया गया। लेक़िन उन्ही सीएम साहब ने इंदौर के मामले



में आखिर में तटस्थता अख्तियार कर ली और गुटबाजी का दम निकल गया। परिणाम सामने हैं। नगर में रायशुमारी को ही अहमियत मिली और ज़िले में किसी के हित स्थापित नही हो पाए। जबकि नगर पर दबाव बनाकर ज़िले में हुकूमत की बिछात मजबूती से बिछाई गई थी।

**विफ़ल हुए कैलाश को कमज़ोर करने प्रयास**

पूरे मामले में विजयवर्गीय को इंदौर में कमजोर साबित करने के प्रयास बहुतेरे हुए। सत्ता से ज्यादा सँगठन ने इसमे रुचि दिखाई लेक़िन कैलाश केम्प ने सबसे पार पा लिया। शहर में तो उनका तीन इक्का तुवर ब्रांड नाम ही सामने आया। ज़िले में भी उन्होंने मास्टर स्ट्रोक खेल विरोधियों को चौका दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष की निरंतरता के लिए वे अड़े रहें। लिहाज़ा विरोधी कैम्प नए नाम के साथ सामने आता रहा लेक़िन इस कैम्प को भी भरोसा न था कि कैलाश कैम्प अपने पुराने दिवंगत मित्र नंदू भैय्या की खोज पर हाथ रख देगा। विजयवर्गीय की घेराबंदी ही इसलिए हो रही थी कि उन्हें जिले व शहर में से किसी एक पद तक सीमित किया जाए। शहर पर दबाव बनाकर ज़िले की कमान अपने हाथ मे लेने के विजयवर्गीय विरोधी केम्प के मंसूबे परवान नही चढ़ पाए। ज़िले के मुखिया के रूप में ऐसा नेता सामने आ गया, जो रबर स्टाम्प नही, संगठनजीवी हैं। विजयवर्गीय ने इसी नाम की पैरवी 2023 विधानसभा चुनाव में भी बड़े गांव के लिए की थी। अब वो ही नाम जिले की कमान संभालेगा।

**... दयालु भी साबित हुए चाणक्य**

इस पूरे मामले में दयालु भी चाणक्य साबित हुए। मोन रहक़र वे, वह काम कर गुजरे जिसकी किसी को कल्पना नही थी। शुरुआत उन्होंने रायशुमारी से की और बाद में अपने साथ अन्य विधायकों को जोड़ कैलाश कैम्प की राह आसान कर दी। उन्होंने अपने प्रिय नाम को पहले हर विधानसभा से रायशुमारी में स्थान दिलाया और वह भी ऐसा कि पूरे शहर की 80 फीसदी भाजपा दयालु के नाम के साथ खड़ी नजर आई। ये रणनीति ही अंतिम विजय तक कारगर रही। न सत्ता न संगठन रायशुमारी की मजबूती को नकार सका।

सरकार के मुखिया की तटस्थता के पीछे दयालु की ही रणनीति रहीं। वे स्वयम दो दो बार सीएम से मिलें। बीच शहर के युवा विधायक का साथ सोने पर सुहागा साबित हुआ। परिणाम में सालों बाद दीनदयाल भवन में रमेश युग लौट आया। शहर के नूतन कप्तान से दयालु का रिश्ता जगजाहिर हैं और उस रिश्ते के लिए इस बार दादा ने हर चौखट पर दयालु बनकर दस्तक दी। ये उन्ही की मनुहार का असर है कि पार्टी में उनके केम्प के विरोधी हार गए और एक बार फ़िर दयालु के भाईसाहब इंदौर में सिरमौर बनकर उभरे।

# भारत के वर्तमान सत्ता तंत्र और संस्थाओं में दलितों तथा वंचितों की कोई भागीदारी नहीं : राहुल गांधी

पटना (ए.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पटना में आरोप लगाया कि भारत के वर्तमान सत्ता तंत्र और संस्थाओं में दलितों तथा वंचितों की कोई भागीदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि दलितों, अल्पसंख्यकों, समाज के कमजोर वर्गों की सटीक संख्या पता लगाने के लिए पूरे भारत में जाति आधारित जनगणना की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज भारत की सत्ता संरचना में, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, कॉर्पोरेट हो, व्यापार हो, न्यायपालिका हो, आपकी भागीदारी कितनी है? राहुल ने कहा कि दलितों को प्रतिनिधित्व तो दिया गया है लेकिन अगर सत्ता संरचना में भागीदारी नहीं है तो इसका कोई मतलब नहीं है। अगर मंच के पीछे से निर्णय लिए जाएं तो मंच पर बैठाने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि आज अलग-अलग जाति के लोगों को टिकट देना एक फैशन बन गया है, ये बात पीएम मोदी भी कहते हैं। लेकिन



फिर, आपने (पीएम मोदी) विधायकों की शक्तियां छीन लीं। यहां तक कि लोकसभा सांसदों के पास भी कोई निर्णय लेने की शक्ति नहीं है। आपने मंत्री बनाया लेकिन ओएसडी आरएसएस से है। सवाल नियंत्रण और भागीदारी का है। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम अंबेडकर जी और जगलाल चौधरी जी के विचार और उसूलों की बात करते हैं। लेकिन सवाल है कि अंबेडकर जी और जगलाल चौधरी जी के जो विचार थे, वे कहां से आते थे? सच्चाई ये है कि.. दलितों के दिल में जो दुख और दर्द था, अंबेडकर जी और जगलाल चौधरी जी ने उस आवाज को उठाया था। उन्होंने कहा कि आज भारत के पॉवर स्ट्रक्चर- शिक्षा, स्वास्थ्य, कार्पोरेट या ज्यूडिशरी में दलित वर्ग की कितनी भागीदारी है? बीजेपी रिप्रेजेंटेशन की बात करती है, लेकिन भागीदारी के बिना रिप्रेजेंटेशन का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि ये बिलकुल ऐसा ही है- जैसे मैंने आपके बीच में से पांच लोगों को स्टेज पर बैठा दिया, लेकिन उनके फैसले कहीं और से लिए जा रहे हैं। ऐसे में उन्हें स्टेज पर बैठाने का कोई मतलब नहीं है। मोदी सरकार में भी यही हो रहा है- आप लोगों को मंत्री बना देते हैं, लेकिन ओएसडी तो आरएसएस का होता है। उन्होंने कहा कि देश के बड़े मीडिया हाउस के मालिकों और मैनेजमेंट की लिस्ट निकालिए।



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान अरैल घाट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## विजय माल्या की याचिका पर कर्नाटक हाईकोर्ट ने बैंकों को जारी किया नोटिस; लोन वसूली से जुड़ी जानकारी मांगी

बंगलूरू (ए.)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने बुधवार को कई बैंकों को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या की याचिका पर दिया गया है, जिसमें उन्होंने लोन वसूली से जुड़ी जानकारी मांगी है। विजय माल्या की याचिका में उन रकमों का ब्योरा मांगा गया है, जो उनसे, उनकी कंपनी यूनाइटेड ब्रेवरीज होल्डिंग्स लिमिटेड (यूबीएचएल) और अन्य कर्जदारों से वसूली गई हैं।

क्या है मामला?

विजय माल्या की ओर से वरिष्ठ वकील साजन पूवैया ने दलील दी कि किंगफिशर एयरलाइंस और उसकी होल्डिंग कंपनी यूबीएचएल के खिलाफ लिक्विडेशन (कंपनी बंद करने) का आदेश सुप्रीम कोर्ट समेत सभी अदालतों में बरकरार रखा गया है। उनका तर्क है कि कर्ज की रकम पहले ही वसूल ली गई है, इसके बावजूद बैंकों की तरफ से वसूली की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (डीआरटी) ने 6,200 करोड़ रुपये की वसूली का आदेश दिया था। लेकिन 2017 से अब तक 10,200 करोड़ रुपये वसूले जा चुके हैं, और वित्त मंत्री तक ने संसद में कहा कि बैंकों को 14,000 करोड़ रुपये मिल चुके हैं।

**याचिका में क्या मांग की गई है?**

बैंकों से पूरा हिसाब मांगा गया है कि उन्होंने अब तक कितना पैसा वसूला है और किन संपत्तियों से यह वसूली की गई है। यह स्पष्ट करने की मांग की गई है कि जब पूरा कर्ज चुकता हो चुका है, तो गारंटर कंपनी यूबीएचएल को फिर से शुरू करने की अनुमति क्यों नहीं दी जा रही। बैंकों से उन संपत्तियों की जानकारी मांगी गई है, जो अभी भी उनके पास हैं लेकिन अब तक वसूली के लिए इस्तेमाल नहीं की गई हैं। अस्थायी राहत के रूप में बैंकों की तरफ से आगे की संपत्ति बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई है, जब तक कि यह स्पष्ट नहीं हो जाता कि कर्ज की पूरी भरपाई हो चुकी है। वहीं इस मामले की सुनवाई करते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आर. देवदास ने इस पर बैंकों से जवाब मांगा है और उन्हें 13 फरवरी तक अपनी स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है।

## जयपुर में स्कूल बस हादसा : पुलिया से गिरी बस, 12वीं की छात्रा की मौत, 9 बच्चे गंभीर रूप से घायल

जयपुर (आरएनएस)। जयपुर-बीकानेर हाईवे पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। चौमूं में वीर हनुमान मार्ग पुलिया के पास स्कूल बस का ब्रेक फेल हो गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। इस हादसे में 12वीं कक्षा की छात्रा कोमल देवंदा (18) की मौत हो गई, जबकि 9 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। गंभीर रूप से घायल बच्चों को जयपुर के सिद्धि विनायक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 7:30 बजे हुआ। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुराग शर्मा और रवि शर्मा ने बताया कि वे खेल स्टेडियम में मॉर्निंग वॉक कर रहे थे, तभी अचानक तेज धमाके की आवाज आई और बस पलट गई। वे मौके पर पहुंचे, तो बच्चे चीख-पुकार कर रहे थे।

## वोट डालने के बाद बोलीं आतिशी, ये चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं, धर्मयुद्ध है

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपना वोट डालने से पहले, मुख्यमंत्री और कालकाजी विधानसभा सीट से आप उम्मीदवार आतिशी ने बुधवार को चुनाव को सच्चाई बनाम झूठ की लड़ाई करार दिया और पार्टी की जीत की उम्मीद करते हुए कहा कि दिल्ली के लोग सच्चाई के साथ खड़े होंगे और गुंडागर्दी को हराएंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी अपने चुनावी मताधिकार का प्रयोग करने से पहले कालकाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। पत्रकारों से बात करते हुए आतिशी ने कहा कि सच्चाई बनाम झूठ की इस लड़ाई में मुझे उम्मीद है कि दिल्ली की जनता सच के साथ खड़ी होगी, काम करेगी और गुंडागर्दी को हरायेगी। उन्होंने आगे दिल्ली पुलिस पर भाजपा के लिए काम करने का आरोप लगाया। आतिशी ने अपना विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि लोग काम करने वालों को वोट देंगे न कि गुंडों को। आतिशी ने कहा कि दिल्ली का ये चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं है, ये धर्मयुद्ध है। यह अच्छे और बुरे के बीच की लड़ाई है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ पढ़े-लिखे लोग हैं जो विकास के लिए काम कर रहे हैं और दूसरी तरफ वो लोग हैं जो गुंडागर्दी कर रहे हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि जनता काम करने वालों को वोट देगी, गुंडों को नहीं। दिल्ली पुलिस खुलेआम बीजेपी के लिए काम कर रही है। आतिशी कालकाजी सीट से पूर्व क नेता और कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा और बीजेपी के रमेश बिधूड़ी के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं। इससे पहले आज, आतिशी ने मतदाताओं से राष्ट्रीय राजधानी में चल रहे विधानसभा चुनावों में मतदान करने का आग्रह किया।

## मुख्यमंत्री फडणवीस को अपनी बेटी की परवाह है, तो मराठा बच्चों की क्यों नहीं : जरांगे



ठाणे (ए)। कोटा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने बुधवार को पूछा कि मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को अपनी बेटी की इतनी अधिक परवाह है, तो वह मराठा बच्चों के लिए भी उतना ही परवाह क्यों नहीं करते और उन्हें आरक्षण क्यों नहीं दे देते। मराठा समुदाय के लिए शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण की मांग को लेकर कई बार भूख हड़ताल कर चुके जरांगे ने फडणवीस के मंगलवार को दिए गए बयान का जिक्र किया। जरांगे ने कहा कि इस बयान में फडणवीस ने कहा था कि उनकी बेटी की 10वीं कक्षा की परीक्षा खत्म होने तक उन्होंने मुंबई में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास में स्थानांतरित होने को स्थगित कर दिया था।

यहां पत्रकारों से बातचीत में जरांगे ने कहा, हमने कल एक पिता का अपनी बेटी के प्रति प्यार देखा...अगर उन्हें अपनी बेटी की इतनी अधिक परवाह है, तो वह मराठा समुदाय के बच्चों की परवाह क्यों नहीं करते? उन्होंने कहा, आप अपनी बेटी की खातिर महज 500 मीटर दूर दूसरे बंगले में स्थानांतरित नहीं हो रहे हैं....तो फिर आपको हमारे बच्चों की दुर्दशा क्यों नहीं दिखती जो परीक्षा में कम नंबर आने पर फंदे से लटक जाते हैं? जरांगे ने कहा, मुख्यमंत्री उन्हें आरक्षण क्यों नहीं दे देते जो उनका अधिकार है। उन्होंने दावा किया धनगर समुदाय को भी आरक्षण के वादे के साथ 10 साल तक भ्रमित किया गया, लेकिन आरक्षण कभी नहीं दिया।

## अखिलेश ने चुनाव आयोग से की शिकायत, बोले- मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही पुलिस

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में पुलिस मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है, जिसमें पुलिस के बड़े अधिकारी शामिल हैं। ऐसे लोगों को तुरंत हटा कर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पुलिस अधिकारी की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि चुनाव आयोग तुरंत इस समाचार से जुड़ी तस्वीरों का संज्ञान ले कि अयोध्या की पुलिस मिल्कीपुर में मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है, जिसमें पुलिस के बड़े अधिकारी भी शामिल हैं। ये अप्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं में भय उत्पन्न करके मतदान को प्रभावित करने का लोकतांत्रिक अपराध है। ऐसे लोगों को तुरंत हटाया जाए और दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ज्ञात हो कि मिल्कीपुर उपचुनाव का मतदान सुबह सात बजे से शुरू है। तभी से लगातार सपा द्वारा चुनाव आयोग को वीडियो सहित कई शिकायतें सपा की तरफ से की जा चुकी हैं।


## कोझिकोड में यात्री बस पलटी,50 से अधिक लोग घायल



कोझिकोड (ए)। यात्रियों के मुताबिक, बस एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारने डिवाइडर से टकराई और फिर सड़क पर पलट गई। पुलिस के अनुसार, स्थानीय लोगों ने घायलों को दुर्घटनाग्रस्त बस से निकालकर अस्पताल पहुंचाने में मदद की। केरल के कोझिकोड जिले के अरायिदथुपलम में मंगलवार शाम एक यात्री बस के पलट जाने से उसमें सवार 50 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों में से 42 को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि नौ को सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया है। उसने कहा कि एक घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। यात्रियों के मुताबिक, बस एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारने डिवाइडर से टकराई और फिर सड़क पर पलट गई। पुलिस के अनुसार, स्थानीय लोगों ने घायलों को दुर्घटनाग्रस्त बस से निकालकर अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

## दिल्ली चुनाव में वोटिंग के बीच अन्ना हजारे बोले- 'केजरीवाल स्वार्थी इसलिए छोड़ा साथ

अहिल्यानगर (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए चल रही वोटिंग के बीच सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने हा, मैं आज एक बात बताना चाहता हूं कि शुरुआत में अरविंद मेरे साथ आया था और उस दौरान उनकी नीयत साफ थी। वह सामाजिक और राष्ट्रीय दृष्टिकोण से सोचते थे, इसलिए मुझे लगा कि वह एक अच्छा कार्यकर्ता है। हालांकि, जब मुझे पता चला कि वह (केजरीवाल) स्वार्थी हैं, तो मैंने उन्हें अपने साथ से हटा दिया। शुरुआत में तो केजरीवाल के विचार अच्छे थे और उस दौरान तो वह किसी दल के बारे में भी नहीं सोचते थे। मगर अब वह शराब की बात कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, जिस शराब के लिए हम लोगों ने आंदोलन किया, उसके बारे में वह अब बात कर रहे हैं। केजरीवाल पहले अच्छे आदमी थे, मगर अब वह गलत राह पर हैं। मैं सभी लोगों से अपील करूंगा कि वे किसी से पैसा लेकर वोटिंग न करें और सोच-समझकर ही अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से 70 सीटों के लिए मत डाले जा रहे हैं। चुनाव आयोग के डाटा अनुसार, सुबह 9 बजे तक 8.03 प्रतिशत तक मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के डाटा अनुसार, नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में सुबह 9 बजे तक 7 प्रतिशत मतदान हुआ है। जंगपुरा में 7.5 प्रतिशत, कालकाजी में 6.2 प्रतिशत, ओखला में 7.90 प्रतिशत, सीलमपुर में 11.02 प्रतिशत, मटिया महल में 6.49 प्रतिशत, मुस्तफाबाद में 12.43 प्रतिशत, चांदनी चौक में 4.53 प्रतिशत और बल्लीमारान में 6.97 प्रतिशत वोट पड़े हैं। दिल्ली की 70 सीटों पर निर्दलीय समेत कुल 699 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला दिल्ली की एक करोड़ छप्पन लाख जनता करेगी।



भाजपा नेता कैलाश गहलोत अपनी पत्नी और बेटी के साथ नई दिल्ली में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डालने के बाद स्याही लगी अपनी उंगली दिखाते हुए।

## निवेश आकर्षित करने के लिए राज्यों को मिलकर काम करना चाहिए : हेमंत सोरेन



रांची (ए.)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को कहा कि देश में निवेश आकर्षित करने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्यों को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निमंत्रण पर बंगाल वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन (बीजीबीएस) के आठवें संस्करण में शामिल होने के लिए कोलकाता पहुंचे सोरेन ने उम्मीद जताई कि दोनों राज्य (झारखंड और पश्चिम बंगाल) भारत में प्रमुख निवेश स्थल के रूप में उभरेंगे। शिखर सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा, पश्चिम बंगाल और झारखंड में बहुत सारी समानताएं हैं। झारखंड खनिज और प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। मेरा मानना है कि भारत में निवेश आकर्षित करने और एक मजबूत राष्ट्र बनाने के लिए राज्यों को साथ मिलकर काम करना चाहिए। ममता और सोरेन राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) का हिस्सा हैं। दोनों के बीच संबंध काफी अच्छे माने जाते हैं।

## जयपुर एयरपोर्ट पर बड़ा खुलासा

## नशे में प्लेन उड़ाने पहुंचा पायलट, यात्रियों की जान जोखिम में डालने की कोशिश

जयपुर (आरएनएस)। जयपुर एयरपोर्ट पर सुबह एक ऐसा वाकया सामने आया, जिसने सुरक्षा के इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। एक चार्टर विमान के पायलट को ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में नशे में पाया गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पायलट को विमान उड़ाने से रोक दिया। यह चार्टर विमान, जो दिल्ली की एक निजी कंपनी का था, जयपुर से हैदराबाद के लिए सुबह 9:30 बजे उड़ान भरने वाला था। पायलट सुबह 9:15 बजे फाइनल सिक्योरिटी चेक के लिए पहुंचा, जहां नियमित ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट के दौरान उसकी हालत संदिग्ध पाई गई। टेस्ट रिपोर्ट में अल्कोहल की मात्रा मिलने पर उसे तुरंत ड्यूटी से हटा दिया गया। इस घटना के चलते हैदराबाद जाने वाले यात्रियों को लगभग दो घंटे की देरी का सामना करना पड़ा। जैसे ही यह खबर यात्रियों तक पहुंची, उनमें घबराहट और गुस्सा देखा गया।

## युवक की हत्या कर खेत में फेंका शव, सीने पर लिखा हुआ था मर्द... हाथ पर बंटी

बदायूं (ए.)। बदायूं के उझानी कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली-मेरठ हाईवे पर हजरतगंज गांव में अज्ञात युवक का शव खेत में मिला। सूचना पर एसएसपी डॉ. ब्रजेश सिंह मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने काफी प्रयास किए लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने युवक को शव मोर्चरी में रखवा दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव हजरतगंज के पास एक खेत में बुधवार सुबह अज्ञात युवक का शव मिला। सुबह ग्रामीण जब इधर से गुजरे तो उन्होंने खेत में शव पड़ा देखा। मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने युवक की कहीं दूसरे जगह हत्या कर शव को खेत में फेंके जाने की आशंका जताई। वहीं, आसपास के ग्रामीण और भवानीपुर गांव निवासी खेत मालिक विकास भी शव की शिनाख्त नहीं कर पाए। काफी प्रयास कराने के बाद भी जब शिनाख्त नहीं हो सकी तो पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। एसएसपी डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह ने पुलिस की स्वाट और सर्विलांस टीम को कोतवाली पुलिस की मदद में लगा दिया है। सर्विलांस टीम ने घटनास्थल का बीटीएस उठाकर संदिग्ध मोबाइल नंबरों को ट्रेस करना शुरू कर दिया है।

## पैसे बांटने से लेकर फर्जी वोटिंग के आरोप तक, मतदान के बीच दिल्ली में जमकर हंगामा

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 70 सीटों पर मतदान जारी है। इस बीच भाजपा का आरोप है कि आम आदमी पार्टी (आप) फर्जी वोट डलवा रही है। दूसरी तरफ आप का आरोप है कि भाजपा नेता मतदाताओं को पैसे बांट रहे हैं। सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा और आप कार्यकर्ताओं के बीच हंगामा हुआ। भाजपा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी वाले बाहर से महिलाएं लाए, जिन्होंने फर्जी वोट डाले हैं। भाजपा का कहना है कि बुर्के में महिलाओं ने फर्जी वोट डाला। मतदान के दौरान ग्रेटर कैलाश विधानसभा सीट से आप उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस चिराग दिल्ली के एक मतदान केंद्र पर लोगों को वोट डालने से रोकने की कोशिश कर रही है।

## कर्ज से कई गुना अधिक वसूला जा चुका है : विजय माल्या



नई दिल्ली (ए.)। भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या ने कर्नाटक उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और दावा किया कि बैंकों ने किंगफिशर एयरलाइंस ऋण डिफ़ॉल्ट मामले में मुख्य ऋण राशि कई गुना अधिक वसूली है। अपनी याचिका में माल्या ने बैंकों को वसूली गई रकम का अकाउंट स्टेटमेंट मुहैया कराने का निर्देश देने की मांग की थी। न्यायमूर्ति आर देवदास ने एसबीआई और पंजाब नेशनल बैंक, एक वसूली अधिकारी और एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी सहित 10 बैंकों को नोटिस जारी किया। माल्या का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता साजन पूवैया ने कहा कि किंगफिशर एयरलाइंस पर लगभग 6,200 करोड़ रुपये का कर्ज बकाया है, जिसमें से 14,000 करोड़ रुपये पहले ही वसूले जा चुके हैं। वित्त मंत्री ने लोकसभा को इसकी जानकारी दी है। वकील ने कहा कि ऋण वसूली अधिकारी ने बताया कि 10,200 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है। भले ही पूरी ऋण राशि का निपटान कर दिया गया हो, वसूली प्रक्रिया अभी भी जारी है।

## हिमाचल के पर्यटन स्थलों में ताजा हिमपात, मौसम विभाग ने आंधी-तूफान की चेतावनी जारी की



शिमला (ए.)। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा हिमपात दर्ज किया गया, जबकि मौसम विभाग ने कुछ जिलों में आंधी और बिजली गिरने की आशंका व्यक्त करते हुए येलो अलर्ट जारी किया। शिमला, कुल्लू, किन्नौर, लाहौल और स्पीति तथा चंबा जिलों के कुछ स्थानों पर हिमपात हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, शिमला जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नारकंडा और कुफरी, चंबा के डलहौजी और कुल्लू जिले के मनाली और आसपास के इलाकों में हिमपात हुआ। मंडी जिले के सेराज, पराशर, शिकारी और कमरूनाग से भी हिमपात की खबरें मिलीं। हिमपात से होटल व्यवसायियों को पर्यटकों की आमद बढ़ने की उम्मीद जगी। इससे लंबे समय से राज्य में सूखे की स्थिति को लेकर चिंतित बागवानों को भी राहत मिली। सेब की खेती के लिए बर्फ को फायदेमंद माना जाता है। हालाँकि, शुष्कता को पूरी तरह से रोकने के लिए हिमपात अपर्याप्त था। मौसम विभाग के अनुसार, कोठी में 33 सेमी, गोंदला में 11 सेमी, केलांग में 9 सेमी, कुकुमसेरी में 8.3 सेमी, भरमौर में 8 सेमी, मनाली में 7.4 सेमी, जोत में 6 सेमी, कल्पा में 5.1 सेमी और शिल्लारू तथा खद्राला में 5 सेमी हिमपात हुआ। शिमला शहर में ओलावृष्टि हुई, जबकि आसपास के जुब्बड़हट्टी और कुफरी में क्रमशः 8.3 सेमी और 4 सेमी बर्फ गिरी। राज्य में सबसे अधिक वर्षा सलोनी में 44.3 मिमी दर्ज की गई। इसके बाद कसोल में 30 मिमी, करसोग में 24.3 मिमी, भुंतर में 21.4 मिमी, जोगिंद्रनगर में 19 मिमी, बंजार में 18.2 मिमी, शिमला में 16.2 मिमी और गोहर में 16 मिमी बारिश हुई। शिमला, जुब्बड़हट्टी, कांगड़ा, जोत, भुंतर, पालमपुर और सुंदरनगर में गरज के साथ वर्षा हुई।

# फिल्म नादानियां का पहला गाना इश्क में जारी, खुशी-इब्राहिम की दिखी खूबसूरत केमिस्ट्री

अभिनेता सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। वह कुछ समय से अपनी पहली फिल्म नादानियां को लेकर चर्चा में हैं।

इस फिल्म में इब्राहिम की जोड़ी जाह्नवी कपूर की बहन और अभिनेत्री खुशी कपूर के साथ बनी है। आर्चीज और लवयापा के बाद यह उनके करियर की तीसरी फिल्म है।

अब नादानियां का पहला गाना इश्क में रिलीज हो गया है, जिसमें खुशी-इब्राहिम की खूबसूरत केमिस्ट्री दिख रही है।

इश्क में गाने को सचेत टंडन, असीस कौर और सचिन-जिगर ने अपनी आवाज दी है, वहीं इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं।

फिल्म में इब्राहिम ने नोएडा के मध्यमवर्गीय परिवार के एक मेहनती लड़के का किरदार निभाया है, वहीं खुशी इसमें दिल्ली की हिम्मती लड़की पिया की भूमिका में होंगी।

शाउना गौतम ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी है।


हालांकि रिलीज की तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है, लेकिन नादानियां में खुशी ने दक्षिण दिल्ली की लड़की पिया



का किरदार निभाया है, जबकि इब्राहिम ने नोएडा के एक मध्यम वर्ग के लड़के अर्जुन का किरदार निभाया है। कहानी इस बात पर आधारित है कि कैसे विपरीत दुनिया के ये दो व्यक्ति एक-दूसरे से मिलते हैं, जिससे प्यार और आत्म-खोज की एक अप्रत्याशित यात्रा शुरू होती है।

नादानियां का निर्माण करण जौहर, अपूर्व मेहता, सोमेन मिश्रा ने धर्मेटिक एंटरटेनमेंट के तहत किया है। फिल्म में महिमा चौधरी, सुनील शेट्टी, दीया मिर्जा और जुगल हंसराज भी हैं। एक आधिकारिक बयान में, नादानियां के निर्माताओं ने साझा किया कि फिल्म आधुनिक रोमांस पर एक नया नज़रिया पेश करती है। उन्होंने कहा, हम इस कहानी को नेटफ्लिक्स पर देखने के लिए उत्साहित हैं, जहाँ दुनिया भर के दर्शक पहले प्यार की ऊर्जा का अनुभव कर सकते हैं। प्रशंसक इब्राहिम अली खान को स्क्रीन पर अपनी शुरुआत करते हुए और खुशी कपूर के साथ उनकी नई जोड़ी को भी देखेंगे ङ्क और हम इस आधुनिक प्रेम कहानी को सभी के साथ साझा करने का इंतज़ार नहीं कर सकते। बता दें कि नादानियां जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

## लक्ष्य लालवानी और राघव जुयाल की फिल्म किल ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म हुलु पर दी दस्तक




लक्ष्य लालवानी और राघव जुयाल की फिल्म किल को बीते साल 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में दोनों कलाकार की अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसे दर्शक नसीब नहीं हुए। इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 24.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब किल अमेरिकी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म हुलू पर दस्तक दे चुकी है। यह फिल्म पहले से डिज्नी+ हॉटस्टार पर मौजूद है। करण जौहर ने इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ मिलकर कर रहे हैं। निखिल नागेश भट इस फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म में आशीष विद्यार्थी, हर्ष छाया और तान्या मानिकतला जैसे सितारों ने भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है। किल की रिलीज से पहले जॉन विक जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म सीरीज बनाने वाले हॉलीवुड निर्देशक ने फिल्म का रीमेक बनाने की घोषणा की थी, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## राम चरण की गेम चेंजर अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार, 7 फरवरी से अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा प्रीमियर

आरआरआर की सफलता के बाद राम चरण की फैन फॉलोइंग सिर्फ इंडिया तक ही सीमित नहीं रह गई है। ग्लोबल लेवल पर उन्हें ऑडियंस का प्यार मिलता है। 10 जनवरी को 2025 को जब उनकी फिल्म गेम चेंजर सिनेमाघरों में आई, तो यही उम्मीद थी कि मूवी अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा-2 की तरह ही बॉक्स ऑफिस पर अपना दम दिखाएगी और छप्परफाड़ कमाई करेगी। हालांकि, फैंस की उम्मीदों पर पूरी तरह से पानी फिर गया। पांच भाषाओं तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज हुई राम चरण की फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ की कमाई भी नहीं कर सकी। सिनेमाघरों के बाद अब गेम चेंजर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए तैयार है। किस तारीख को ये फिल्म कौन से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आएगी, चलिए डिटेल्स जान लेते हैं। बॉक्स ऑफिस पर गेम चेंजर का गेम अब भी बरकरार है। वह बात अलग है कि ये फिल्म अब कछुए की चाल चलते हुए लाखों में कमाई कर रही है। इस बीच ही मेकर्स अब गेम चेंजर को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लेकर आ रहे हैं। प्राइम वीडियो ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर राम चरण की फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में एक्टर का एक्टर डबल रोल में दिखाई दे रहे हैं, उनके साथ ही मूवी की अन्य स्टारकास्ट भी है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, रा मचा, अपनी सीट बेल्ट लगा लो, क्योंकि अब रूल बदलने वाले हैं। प्राइम वीडियो पर गेम चेंजर 7 फरवरी 2025 को रिलीज होने वाली है।

## स्टाइलिश गाउन पहन सुरभि चंदना ने शेयर किया हॉट लुक, एक्ट्रेस की हर एक अदाओं पर दिल हार गए फैंस



सुरभि चंदना आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस और हॉट नजर आ रही हैं।

टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस सुरभि चंदना हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंटरनेट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने ऑरेंज कलर का बेहद ही स्टाइलिश गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

कानों में इयररिंग्स, खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि सुरभि चंदना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनका हर एक स्टाइल फॉलो करते हैं।

## साड़ी में पतली दिखने के 5 आसान टिप्स, जो आप नहीं जानती होंगी



साड़ी एक ऐसी पारंपरिक ... पोशाक है, जो हर उम्र की महिलाओं ... प र बहुत सुंदर लगती है। ... साड़ी पहनते समय कई महिलाएं अपने शरीर को स्लिम दिखाने के लिए चिंतित रहती हैं। सही ... कपड़ और स्टाइलिंग से आप आसानी ... स स्लिम दिख सकती हैं।

इस लेख में हम आपको कुछ सरल और प्रभावी टिप्स देंगे, जिनसे आप साड़ी में न केवल पतली बल्कि आकर्षक भी नजर आ सकती हैं, जिससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

साड़ी का कपड़ा होना चाहिए हल्का

साड़ी का कपड़ा आपके लुक को बहुत प्रभावित करता है।

अगर आप स्लिम दिखना चाहती हैं तो हल्के और मुलायम कपड़े जैसे जॉर्जेट या शिफॉन की साड़ियां चुनें। ये कपड़े शरीर पर अच्छी तरह से बैठते हैं और आपकी बॉडी को एक सुंदर आकार देते हैं।

भारी सिल्क या कॉटन की जगह इन हल्के कपड़ों का चयन करें क्योंकि ये आपके शरीर को भारी दिखा सकते हैं।

प्रिंट्स पर ध्यान दें

प्रिंटेड साड़ियों का चुनाव करते समय छोटे प्रिंट्स वाली साड़ियां लें क्योंकि बड़े प्रिंट्स आपको मोटा दिखा सकते हैं।

वर्टिकल स्ट्राइप्स वाली साड़ियां भी अच्छा विकल्प होती हैं क्योंकि वे लंबाई बढ़ाकर आपको पतला दिखाती हैं।

फलोरल या ज्योमेट्रिक पैटर्न वाली छोटी प्रिंट्स वाली साड़ियां ट्राई कर सकती हैं।

इस तरह से आप बिना किसी अतिरिक्त मेहनत के अपनी पसंदीदा साड़ी पहनकर भी स्लिम और आकर्षक नजर आ सकती हैं।

सही ब्लाउज का चयन करें

ब्लाउज का सही चयन भी आपको स्लिम लुक देने में मदद कर सकता है।

फिटेड ब्लाउज पहनें, जो आपकी कमर को उभार दे और छाती के आकार को संतुलित रखे।

गहरे रंगों के ब्लाउज चुनें क्योंकि ये आपके ऊपरी हिस्से को पतला दिखाते हैं। अगर आपका पेट थोड़ा बाहर निकलता है तो हाई नेक या फुल स्लीव्स वाले ब्लाउज आजमाएं, जो आपके लुक को आकर्षक और संतुलित बनाते हैं। इ

ऐसे ब्लाउज से आप आत्मविश्वास से भरी नजर आएंगी।

पल्लू ड्रेपिंग स्टाइल बदलें

पल्लू ड्रेपिंग स्टाइल आपके लुक को खास बनाने में अहम भूमिका निभाता है।

पल्लू को ढीला छोड़ने के बजाय इसे कंधे पर कसकर पिन करें ताकि यह आपकी शरीर की रेखाओं को उभार सके।

इससे न केवल आपका पेट छुप जाएगा बल्कि कमर भी पतली लगेगी। साथ ही पल्लू की चौड़ाई कम रखें ताकि यह ज्यादा जगह न घेरे और आपके लुक को संतुलित बनाए रखे।

इस तरह की ड्रेपिंग से आप स्लिम और आकर्षक नजर आएंगी।

बेल्ट का उपयोग करें

बेल्ट एक ऐसी एक्सेसरीज है, जो आपकी कमर को उभारने और आपके लुक को खास बनाने में मदद करती है।

बेल्ट लगाने से कमर पतली दिखती है और यह आपके पूरे लुक में नया अंदाज जोड़ती है।

बेल्ट का रंग साड़ी से मेल खाता हो तो यह ज्यादा ध्यान आकर्षित नहीं करता, जिससे आपका लुक संतुलित रहता है।

सही तरीके से बेल्ट का उपयोग आपके साड़ी पहनने के अनुभव को और भी खास बना सकता है।

### सैफ अली खान की ज्वेल थीफ का टीजर आउट, नेटफ्लिक्स ने टोस्टर और राणा नायडू 2 के टीजर भी किए रिलीज

सैफ अली खान और जयदीप अहलावत पहली बार नेटफ्लिक्स की ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स में स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे. मेकर्स ने सोमवार को नेक्स्ट ऑन नेटफ्लिक्स इवेंट के हिस्से के रूप में फिल्म का टीजर जारी किया, जहां स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने 2025 के लिए अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की लिस्ट भी अनाउंस कर दी. पठान, वॉर और फाइटर जैसी एक्शन से भरपूर ब्लॉकबस्टर फिल्मों के पहचाने जाने वाले डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने इसे बनाया है. यह फिल्म धोखे, रहस्य और एक्शन से भरपूर एक हाई-स्टेक थ्रिलर होने का वादा करती है. टीजर में जयदीप को एक पावरफुल क्रिमिनल के रूप में पेश किया गया है, जो दुनिया के सबसे मायावी हीरे- अफ्रीकी रेड सन को चुराने के लिए सैफ द्वारा निभाए गए एक चोर को काम रखता है. इस हीरे की कीमत 500 करोड़ रुपये है. टीजर में कुणाल कपूर की भी अहम भूमिका में झलक मिलती है. जनवरी में अपने घर पर हुए हमले के बाद सैफ अली खान का पहला प्रोजेक्ट अनाउंसमेंट है.

## सलमान खान की फिल्म सिकंदर में शामिल हुई वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन, जताई खुशी

अभिनेता सलमान खान काफी समय से अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की शूटिंग अपने आखिरी चरण में है। इस फिल्म में सलमान की जोड़ी रश्मिका मंदाना के साथ बनी है। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। प्रतीक बब्बर और सत्यराज जैसे सितारे भी इस फिल्म में अभिनय करते नजर आएंगे। अब सिकंदर की स्टार कास्ट में वरुण धवन की भतीजी और अभिनेत्री अंजिनी धवन शामिल हो गई हैं। पिछले काफी समय से खबर आ रही थी कि निर्माताओं ने फिल्म में अहम भूमिका निभाने के लिए अंजिनी से संपर्क किया था। अब आखिरकार वह फिल्म की स्टारकास्ट में शामिल हो गई हैं। अंजिनी ने खुद इसकी पुष्टि की। अंजिनी ने कहा, मैं इससे ज्यादा आभारी नहीं हो सकती। जब भी मैं सिकंदर के सेट पर जाती हूं, तो मुझे भरोसा नहीं होता। हर एक दिन एक सपने जैसा लगता है। अंजिनी ने सलमान की तारीफ की और कहा, मैं उनकी सबसे बड़ी प्रशंसक बन गई हूं। मुझे उनकी फिल्में बहुत पसंद है। मुझझे शादी करोगी और पार्टनर जैसी उनकी फिल्में मेरी पसंदीदा फिल्में हैं। जब भी मेरा दिन खराब होता है, तो मैं सिर्फ पार्टनर देखती हूं और मैं बेहतर महसूस करती हूं। इसलिए सलमान के साथ काम करना एक सपने जैसा लगता है। अंजिनी ने पिछले साल आई फिल्म बिन्नी एंड फैमिली के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया था। सिकंदर के निर्देशन की कमान आमिर खान की फिल्म गजनी का निर्देशन कर चुके एआर मुरुगादॉस ने संभाली है। साजिद नाडियाडवाला फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म को ईद, 2025 के मौके पर रिलीज किया जाएगा। फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है।

## पपीता ही नहीं इसके बीज खाने के भी हैं ये कमाल के फायदे, ऐसे करें इस्तेमाल



पपीते का सेवन करना न केवल पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद है, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, त्वचा में निखारने और वजन कम करने में भी मदद करता है. लेकिन पपीता खाने के बाद लोग इसके बीजों को कूड़ा समझकर फेंक देते हैं. पपीते के बीज औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं और सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं. पपीते के बीजों में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन, मिनरल्स और विटामिन मौजूद होते हैं, जो शरीर को डिटॉक्स करने के साथ-साथ कई स्वास्थ्य समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करते हैं. आज हम आपको पपीते के बीज के फायदे और उनका इस्तेमाल कैसे करें के बारे में बताएंगे.

पपीते के बीज के फायदे-

1. पपीते के बीज का सेवन करने से लीवर और किडनी को डिटॉक्सीफाई करने में मदद मिल सकती है. ये शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में सहायक होते हैं.

2. पपीते के बीजों में पपेन नामक एंजाइम पाया जाता है, जो पाचन में मदद करता है. ये पेट के कीड़ों को खत्म करने और कब्ज से राहत दिलाने में भी कारगर होता हैं.

3. पपीते के बीज में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल को स्वस्थ रखने में मदद करता है.

4. पपीते के बीज में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो भूख को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे वजन में सहायता मिलती है. साथ ही वजन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है.

5. इसके अलावा पपीते के बीज में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट शरीर की रेसिस्टेंस केपिसिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं, जिससे बीमारियों का खतरा कम हो जाता है.

ऐसे करें पपीते के बीज का इस्तेमाल-

1. आप पपीते के बीजों को सलाद में डालकर खा सकते हैं. ये सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं. इसके लिए आपको पपीते के बीजों को हल्का भून लेना है इसके बाद इन्हें सलाद में मिलाकर खा सकते हैं.

2. पपीते के बीज का स्वाद कड़वा होता है. ऐसे में आप इन्हें शहद के साथ मिलाकर खा सकते हैं

3. पपीते के बीजों का सेवन करने से शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है. अगर आप भी शरीर को डिटॉक्स करना चाहते हैं तो पानी में कुछ बीजों को पानी में उबालकर कर पिएं. ऐसा करने से शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलेगी।

# पोंटिंग ने मिशेल मार्श के विकल्प के रूप में मिच ओवेन को लेने का दिया सुझाव



### 0-चैंपियंस ट्रॉफी

नई दिल्ली,(ए.) । ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को आगामी आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के लिए चोटिल मिशेल मार्श की जगह अनकैप्ड ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को टीम में शामिल करना चाहिए।

ऑस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों की टीम में अहम भूमिका निभाने वाले मार्श को पिछले महीने पीठ की चोट के कारण आगामी प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया था और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के पास उनके रिप्लेसमेंट को अंतिम रूप देने के साथ आईसीसी को 15 सदस्यीय अपनी अंतिम टीम घोषित करने के लिए 12 फरवरी तक का समय है।

हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक किसी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है, लेकिन पोंटिंग ने ओवेन का नाम सुझाया है, जिन्होंने हाल ही में बिग बैश लीग में दबदबा बनाया था, और उनका मानना है कि 23 वर्षीय खिलाड़ी को अगर मौका मिले तो वह जल्दी ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ सकता है।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि वे किस तरफ जाएंगे। मुझे नहीं पता कि आप लोग बीबीएल (बिग बैश लीग) देख रहे हैं या नहीं, लेकिन हमारे पास एक युवा बच्चा है जो अचानक से उभर कर सामने आया है, जिसका नाम मिच ओवेन है, जिसने होबार्ट हरिकेंस के लिए बल्लेबाजी की शुरुआत की है।

बीबीएल में ओवेन ने 203.60 की शानदार स्ट्राइक रेट से 452 रन बनाकर रन बनाने की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने अपनी मध्यम गति से तीन विकेट भी चटकाए। वह एक ऑलराउंडर भी हैं, और मार्श के विकल्प के रूप में वह सही हो सकते हैं।

पोंटिंग ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि चयनकर्ताओं को अब पता चल गया है कि उनके लिए एक शानदार विकल्प मौजूद है। ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत 22 फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ करेगा।

## बेथ मूनी की जगह एश्ले गार्डनर गुजरात जायंट्स की कप्तान बनीं

नई दिल्ली, (ए.) । महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल ) के 2025 सीजन से पहले, गुजरात जायंट्स ने ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर को अपना कप्तान नियुक्त किया है। वह अपनी ऑस्ट्रेलियाई साथी बेथ मूनी की जगह लेंगी, जिन्होंने डब्ल्यूपीएल 2024 में गुजरात की कप्तानी की थी।

गुजरात डब्ल्यूपीएल के पहले दो सीजन में अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी और अब वह 14 फरवरी को वडोदरा में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने डब्ल्यूपीएल 2025 सीजन की शुरुआत में अपनी किस्मत बदलने की कोशिश कर रही है।

गुजरात जायंट्स की कप्तानी मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मुझे इस टीम का हिस्सा बनना बहुत पसंद है और मैं आगामी सीजन में इस शानदार ग्रुप का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं।

फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में एश्ले ने कहा, हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का एक बेहतरीन मिश्रण है और हमारी टीम में बहुत सारी भारतीय प्रतिभाएं हैं। मैं टीम के साथ काम करने और अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हूं। एश्ले 2017 से ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ नियमित रूप से जुड़ी हुई हैं और दो बार बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार विजेता हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और दक्षिण अफ्रीका में 2023 महिला टी20 विश्व कप में प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट रहीं।

## अभिषेक शर्मा ने लगाई बड़ी छलांग, करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे पायदान पर पहुंचे, तिलक को पछाड़ा

दुबई (ए.) । आईसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में भारत के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बड़ी छलांग लगाई है। वह बल्लेबाजों में करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 में अभिषेक ने बेहतरीन शतक जड़ा था। इसका फायदा उन्हें आईसीसी की रैंकिंग में मिला और उन्होंने 38 स्थानों की छलांग लगाई। अभिषेक के दूसरे पायदान पर पहुंचने की वजह से तिलक को अपना स्थान गंवाना पड़ा। तिलक एक स्थान के नुकसान के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गए। ट्रेविस हेड टी20 बल्लेबाजों में शीर्ष पर बने हुए हैं।

### टी20 बल्लेबाजों में शीर्ष-10

हेड के पास 855 रेटिंग अंक हैं। वहीं, अभिषेक के 829 रेटिंग अंक और तिलक के 803 रेटिंग अंक हैं। चौथे नंब पर 798 रेटिंग अंकों के साथ फिल सॉल्ट और पांचवें नंबर पर 738 रेटिंग अंकों के साथ भारत के मौजूदा टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। इसके बाद जोस बटलर, बाबर आजम, पाथुम निसांका, मोहम्मद रिजवान और कुसल परेरा का नंबर आता है। अभिषेक के ऊपर आने की वजह से नौवें रैंक तक सभी को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है।

## राहुल द्रविड़ की कार को ऑटो ने मारी टक्कर, गुस्से में नजर आए पूर्व कोच



नईदिल्ली, (ए.) । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व हेड कोच राहुल द्रविड़ को क्रिकेट का जेंटलमैन कहा जाता है, क्योंकि उनका स्वभाव ज्यादातर शांत ही देखा गया है. बहुत कम ही ऐसा हुआ होगा कि उन्हें गुस्सा आया हो, लेकिन हाल में उन्हें बेंगलुरु के सड़क पर गुस्से में देखा गया. दरअसल राहुल द्रविड़ मंगलवार शाम बेंगलुरु में एक सड़क हादसे का शिकार हो गए. उनकी कार को एक ऑटो ने पीछे से टक्कर मार दी. जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है.

रिपोर्ट्स की माने तो यह घटना 4 फरवरी शाम करीब 4 बजे बेंगलुरु के कनिंघम रोड पर हुई. दरअसल, वहां राहुल द्रविड़ की कार खड़ी थी. तभी पीछे से आ रहे एक ऑटो ने उनकी कार को हल्की टक्कर मार दी. हालांकि घटना में कोई घायल नहीं हुआ. वहीं टक्कर लगते ही द्रविड़ तुरंत कार से बाहर निकले और गाड़ी को देखने लगे कि कितना नुकसान हुआ है. इस दौरान उन्हें ऑटो चालक से मामूली बहस करते हुए देखा गया, जिसका वीडियो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया.

वहीं इस मामले में ज्यादा कुछ नहीं हुआ. अब तक पुलिस से कोई शिकायत नहीं की गई. इस घटना के बाद राहुल द्रविड का इंदिरानगर का गुंडा वाला एड फिर से चर्चा में आ गया. बता दें कि राहुल द्रविड़ ने साल 2021 में एक एडवर्टाइजमेंट की थी, जिसमें उन्हें काफी गुस्से में दिखाया गया था और वो खुद को इंदिरानगर का गुंडा कह रहे थे. अब सोशल मीडिया यूजर्स इस एडवर्टाइजमेंट की याद दिला रहे हैं, जिसमें वो सड़कों पर गाड़ी तोड़ते फोड़ते नजर आए थे. द्रविड़ का ये एडवर्टाइजमेंट फैंस को काफी पसंद आया था.

## डेविड मिलर ने रचा इतिहास, 500 छक्के लगाने वाले साउथ अफ्रीका के पहले खिलाड़ी बने



नईदिल्ली,(ए.) । साउथ अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर ने इतिहास रच दिया है. उन्होंने वो कारनामा कर दिया हो जो साउथ अफ्रीका को कोई खिलाड़ी नहीं कर सका. साउथ अफ्रीका के 2 दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स और फॉफ डुप्लेसी भी डेविड मिलर से पीछे रह गए. दरअसल एसए20 लीग में डेविड मिलर ने अपने टी20 क्रिकेट में 500 छक्के पूरे किए. इसी के साथ डेविड मिलर टी20 क्रिकेट में 500 छक्के लगाने साउथ अफ्रीका के पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

एसए20 लीग में डेविड मिलर पर्ल रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं. 4 फरवरी को एमआई केपटाउन और पार्ल रॉयल्स के बीच एसए20 का पहला क्वालीफायर खेला गया. इस मैच में डेविड मिलर ने टी20 क्रिकेट में अपना 500वां छक्का पूरा किया. खास बात यह है कि उन्होंने अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान की गेंद पर छक्का जड़ अपना 500वां टी20 छक्का पूरा किया.

डेविड मिलर टी20 क्रिकेट में 500 छक्के लगाने वाले साउथ अफ्रीका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं. वहीं इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर एबी डिविलियर्स हैं. उन्होंने ओवरऑल टी20 क्रिकेट में कुल 436 छक्के लगाए हैं. क्विंटन डिकॉक 432 छक्के के साथ तीसरे नंबर पर हैं. जबकि फॉफ डुप्लेसी 416 टी20 छक्के लगाए हैं।

डेविड मिलर: 518 मैचों में 500 छक्के
एबी डिविलियर्स: 340 मैचों में 436 छक्के
क्विंटन डी कॉक: 379 मैचों में 432 छक्के
फाफ डु प्लेसिस: 403 मैचों में 416 छक्के
रिली रोसो: 367 मैचों में 382 छक्के ।

## रुण, अल्काराज रोटर्डम में दूसरे दौर में पहुंचे

रोटर्डम,(ए.) । शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज़ ने बुधवार (आईएसटी) को रोटर्डम ओपन में कड़ी टक्कर के साथ जीत हासिल करके पिछले साल यूएस ओपन में वैन डी ज़ैंड्सचुल्प से मिली हार का बदला ले लिया।

स्पैनिश खिलाड़ी को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन उसने डच वाइल्डकार्ड ज़ैंड्सचुल्प के खिलाफ़ 7-6(3), 3-6, 6-1 से जीत हासिल कर इंडोर हार्ड-कोर्ट एटीपी 500 में दूसरे दौर में प्रवेश किया।

एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार अल्काराज़, जिन्हें पिछले साल यूएस ओपन में दूसरे दौर में डच खिलाड़ी ने चौंका दिया था, पूरे चुनौतीपूर्ण मुकाबले में अपनी लय को खोजने के लिए संघर्ष करते रहे। फिर भी 21 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना संयम वापस पाया और एक प्रभावशाली अंतिम सेट में आगे बढ़ते हुए दो घंटे, 33 मिनट की जीत दर्ज की।

16 टूर-लेवल खिताब जीतने के बावजूद, अल्काराज़ अभी तक इंडोर चैंपियनशिप मैच में नहीं पहुंच पाए हैं। अब उनका अगला मुकाबला क्वालीफायर एंड्रिया वावस्सोरी या 2025 में दो बार खिताब जीतने वाले फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से दूसरे दौर में होगा।

# गौतम गंभीर का ये मास्टर स्ट्रोक, वनडे सीरीज में भी बन सकता है इंग्लैंड की हार का कारण

नईदिल्ली(ए.) । भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टी 20 मैचों की सीरीज समाप्त हो चुकी है. इस सीरीज में टीम इंडिया ने धमाकेदार खेल दिखाया और 4-1 से जीत दर्ज की. अब 3 मैचों की वनडे सीरीज होने वाली है जिसकी शुरुआत 6 फरवरी से हो रही है. वनडे सीरीज से पहले भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर ने ऐसी चाल चली है जो इंग्लैंड पर भारी पड़ सकती है।

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से ठीक 48 घंटे पहले टीम इंडिया स्क्वॉड में बड़ा बदलाव देखने को मिला. भारतीय टीम में लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया गया है. वरुण को शामिल किया जाना इंग्लैंड के लिए घातक साबित हो सकता है. ये गेंदबाज टी 20 सीरीज की तरह वनडे सीरीज में भी इंग्लैंड की तबाही का कारण बन सकता है. बता दें कि 33 साल के वरुण का वनडे में अबतक डेब्यू नहीं हुआ है।

वरुण चक्रवर्ती को रहस्यमयी स्पिनर माना जाता है. उनकी गेंद कहां गिरेगी और किस दिशा घूमेगी बल्लेबाज के लिए ये अंदाजा लगा पाना काफी मुश्किल होता है. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वे बहुत ज्यादा नहीं खेले हैं. इसलिए भी उनकी गेंदबाजी को डिकोड करना इंग्लैंड के लिए टी 20 सीरीज में मुश्किल रहा. भारतीय टीम चाहेगी कि वरुण टी 20 वाला प्रदर्सन ही वनडे सीरीज में भी दोहराएं और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाएं.

इंग्लैंड के खिलाफ टी 20 सीरीज में भारत की जीत में वरुण चक्रवर्ती ने बड़ी भूमिका निभाई. 5 मैचों में इस रहस्यमयी गेंदबाज ने 14 विकेट झटके. इस शानदार और यादगार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया. गौतम गंभीर के साथ साथ कप्तान रोहित शर्मा भी वरुण




की गेंदबाजी से बेहद प्रभावित हैं और यही वजह है कि उन्हें वनडे सीरीज में मौका दिया गया है।

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेट कीपर), ऋषभ पंत (विकेट कीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती।



## जॉर्डन और ग्रीस के विदेश मंत्रियों की मुलाकात, गाजा में युद्ध विराम को लेकर हुई चर्चा

अम्मान(ए.) । जॉर्डन और ग्रीस ने गाजा पट्टी में युद्ध विराम बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र में शत्रुता का स्थायी अंत हो जाएगा।

यह बात ऐसे समय में हुई है जब जॉर्डन के विदेश मंत्री अयमान सफादी ने यहां अपने ग्रीक समकक्ष जॉर्ज गेरापेट्रिटिस से मुलाकात की।

जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, मंगलवार को अपनी वार्ता के दौरान, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। वार्ता में विशेष रूप से आर्थिक, निवेश, पर्यटन और सांस्कृतिक क्षेत्रों में।

बयान में कहा गया कि चर्चा में फिलिस्तीन, सीरिया और लेबनान के घटनाक्रमों के साथ-साथ उनसे निपटने के लिए चल रहे प्रयासों पर भी चर्चा हुई।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, दोनों पक्षों ने गाजा में स्थायी युद्धविराम सुनिश्चित करने और पूरे क्षेत्र में मानवीय सहायता की तत्काल एवं पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के महत्व पर बल दिया।

सफादी ने शनिवार को काहिरा में आयोजित एक अरब बैठक के परिणामों के बारे में गेरापेट्राइटिस को जानकारी दी। इसमें युद्ध विराम सुनिश्चित करने, सहायता प्रदान करने और दो-राज्य समाधान के आधार पर एक न्यायपूर्ण और व्यापक शांति को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक अरब प्रतिबद्धता को दर्शाया गया।

उन्होंने कहा कि अरब राष्ट्र क्षेत्र में न्यायपूर्ण शांति प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक और रचनात्मक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) सहित अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं।

अपनी ओर से, गेरापेट्राइटिस ने कहा कि जॉर्डन और ग्रीस के बीच बेहतरीन संबंध हैं, उन्होंने इस संबंध को मजबूत करने और विशेष रूप से अर्थव्यवस्था, व्यापार और पर्यटन के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की अपील की।

उन्होंने फिलिस्तीन में मुसलमानों और ईसाइयों दोनों के पवित्र स्थलों की सुरक्षा और पूरे क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने में जॉर्डन की भूमिका की प्रशंसा की।

शीर्ष ग्रीक राजनयिक ने गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने को प्राथमिकता देने, राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने, संयुक्त राष्ट्र फिलिस्तीनी राहत एजेंसी का समर्थन करने की बात की। साथ ही जॉर्डन के एयर ब्रिज के माध्यम से गाजा में सहायता का प्रवाह सुनिश्चित करने की अपील की।

गेरापेट्राइटिस क्षेत्रीय दौरे के तहत जॉर्डन का दौरा कर रहे हैं। इसमें कतर, फिलिस्तीन और इजरायल भी शामिल हैं।

## स्वीडन के स्कूल में चली ताबड़तोड़ गोलियां, 11 की मौत

हेलसिंकी (ए.) । स्वीडिश अधिकारियों ने पुष्टि की है कि ओरेब्रो के एक स्कूल में हुई सामूहिक गोलीबारी में 11 लोग मारे गए हैं। इसे देश के प्रधानमंत्री ने स्वीडन के इतिहास का सबसे घातक हमला बताया है। स्वीडिश प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने मंगलवार देर रात एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि स्वीडन के मध्य ओरेब्रो में स्कूल में हुई गोलीबारी देश के इतिहास की सबसे बड़ी सामूहिक गोलीबारी है। इससे पहले स्वीडिश पुलिस ने मंगलवार शाम को पुष्टि की कि गोलीबारी में लगभग दस लोग मारे गए। यह घटना ओरेब्रो स्थित रिसबर्गस्का स्कोलन नामक शिक्षा केंद्र में हुई। पुलिस के अनुसार, मृतकों में संदिग्ध शूटर भी शामिल है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि जांच और आगे की तलाश जारी है। अधिकारियों ने कहा कि पीड़ितों की सही संख्या अभी भी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, शुरुआती निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि संदिग्ध ने अकेले ही यह काम किया।

# दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में बीएपीएस हिंदू मंदिर और सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन

जोहान्सबर्ग (ए.) ।दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर और सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन भव्य और ऐतिहासिक समारोह के साथ हुआ। यह दक्षिण अफ्रीका के हिंदू समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण साबित हुआ।

इस उद्घाटन समारोह की शुरुआत 1 फरवरी (शनिवार) को एक भव्य नागर यात्रा (शोभायात्रा) से हुई, जिसमें सड़कों पर भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ पवित्र मूर्तियों की झांकी निकाली। इस यात्रा में भक्तों ने भजन-कीर्तन, नृत्य, और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उत्सव मनाया। शोभायात्रा का माहौल भक्ति, एकता और आनंद से भरपूर था।

इसके बाद, 2 फरवरी (रविवार) को पवित्र मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह संपन्न हुआ। इसके साथ ही यह मंदिर आधिकारिक रूप से आध्यात्मिकता और दिव्यता का केंद्र बन गया। यह मंदिर केवल एक



भौतिक संरचना नहीं, बल्कि बीएपीएस परंपरा के वर्षों की भक्ति, त्याग और समर्पण का प्रतीक है।

बीएपीएस की दक्षिण अफ्रीका में आध्यात्मिक यात्रा का आरंभ 20 मार्च 1960 को हुआ था, जब परम पूज्य योगीजी महाराज ने लिंपोपो नदी के तट पर खड़े होकर इस भूमि को आशीर्वाद दिया था। इस यात्रा में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में सामाजिक समानता, आर्थिक स्थिरता और आध्यात्मिक उत्थान की भविष्यवाणी की थी। उनके बाद प्रमुख स्वामी महाराज ने 1974 से 2004 के बीच सात बार दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की और भक्तों को प्रेरित किया। आज, महंत स्वामी महाराज के नेतृत्व में इस दिव्य संकल्प को साकार रूप में देखा जा रहा है। जोहान्सबर्ग का यह मंदिर बीएपीएस के 35 मंदिरों में से एक है, जो पूरे अफ्रीका में फैले हुए हैं। बीएपीएस ने विश्व भर में 1,300 से अधिक मंदिरों की स्थापना की है, जो आध्यात्मिकता, संस्कृति और सेवा के प्रमुख केंद्र बने हुए हैं।

यह मंदिर सिर्फ एक भव्य निर्माण नहीं, बल्कि भक्ति, त्याग और एकता का प्रतीक है। मंदिर के निर्माण में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने अपना समय, श्रम और संसाधन अर्पित किए हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान, बीएपीएस के एक वरिष्ठ संत ने कहा कि यह मंदिर हमारे गुरुजनों की दिव्य दृष्टि और भक्तों के निस्वार्थ समर्पण का परिणाम है।

## डिलीवरी ट्रेलर से एक लाख अंडों की चोरी दुनिया के सबसे ताकतवर देश में ऐग को लेकर मचा हाहाकार

वाशिंगटन (ए.) । अमेरिका में अंडों की भारी किल्लत हो रही है, जिसके चलते कीमतें आसमान छू रही हैं और चोरी के मामले भी सामने आ रहे हैं। पेंसिल्वेनिया शहर में एक डिलीवरी ट्रेलर से लगभग एक लाख अंडों की चोरी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी हुए अंडों की कीमत 40,000 डॉलर बताई जा रही है।

### अंडों के दाम आसमान छू रहे

अमेरिका में अंडों की कमी के चलते कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं. एक कार्टन अंडे की कीमत 7 डॉलर तक पहुंच गई है। अंडा अमेरिकी नागरिकों के नाश्ते का एक अहम हिस्सा है, लेकिन कीमतों में बढ़ोतरी के कारण लोगों का बजट बिगड़ गया है।

### चोरी की जांच कर रही है पुलिस

पुलिस के अनुसार, चोरी ग्रीन कैसल में पीट एंड गेरी ऑर्गेनिक्स एलएलसी में हुई। पुलिस का कहना है कि अभी उनके पास ज्यादा जानकारी नहीं है और मामले की जांच की जा रही है।

# हत्या की कोशिश की तो पूरा ईरान खत्म हो जाएगा, डोनाल्ड ट्रंप ने दी खुली धमकी




वाशिंगटन(ए.) । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है कि यदि ईरान उनकी हत्या का प्रयास करता है, तो अमेरिका पूरे देश को खत्म कर देगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्होंने इस संदर्भ में अपने सलाहकारों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं। उनके अनुसार, अगर ईरान द्वारा कोई हमला होता है तो अमेरिका ईरान के खिलाफ कठोर सैन्य कार्रवाई करेगा।

इस बीच, अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को यह संकेत दिया कि परमाणु हथियार निर्माण के आरोपों को लेकर ईरान पर दबाव बढ़ाने की नीति लागू की जा रही है। यह कदम क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति और तनाव को और बढ़ा सकता है। अमेरिकी नीति निर्धारकों के अनुसार, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंता बनी हुई है और इस दिशा में उठाये गए कदमों से भविष्य में और कड़े प्रतिबंधों की संभावना जताई जा रही है।

तेहरान पर अधिक से अधिक दबाव डालने के आदेश पर ट्रंप ने हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा, 'अगर वो ऐसा करते हैं, तो वो पूरी तरह से खत्म हो जाएंगेज्। कुछ भी नहीं बचेगा।' खबर है कि साल 2020 में ट्रंप ने स्ट्राइक के निर्देश दिए थे, जिसमें ईरान के इस्लामिक रिवॉल्युशनरी गार्ड कॉर्प्स के नेता कासिम सुलेमानी की मौत हो गई थी। अधिकारी लंबे समय से ट्रंप और अन्य के खिलाफ ईरान की धमकियों पर नजर रख रहे हैं।

पेन्सिलवेनिया में हुई रैली से पहले ईरान की धमकी के चलते ट्रंप की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। उस रैली में ट्रंप के कान में गोली लगी थी। हालांकि, अधिकारियों ने तब यह भी कहा था कि वह नहीं मानते कि इस हत्या के प्रयास में ईरान का हाथ है। नवंबर में भी न्याय विभाग ने ऐलान किया था कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले ट्रंप के मारने की ईरान की साजिश को फेल कर दिया था।

विभाग ने ईरान के अधिकारियों पर 51 साल के फरहाद शकेरी को सितंबर में ट्रंप पर नजर रखने और हत्या के निर्देश दिए थे। तब ईरान के अधिकारियों ने आरोपों को खारिज कर दिया। विदेश प्रवक्ता इस्माइल बाघी ने दावा किया था कि यह इजरायल से जुड़े समूह की साजिश थी, ताकि ईरान और अमेरिका के रिश्तों को प्रभावित किया जा सके।

मैनहेटन की अदालत में पेश हुए आपराधिक शिकायत के अनुसार, ईरान में रहने वाले शकेरी ने FBI को बताया था कि ईरान के अर्धसैनिक बल रिवॉल्युशनरी गार्ड के एक शख्स ने उन्हें बीते सितंबर में दूसरे कामों को रोककर ट्रंप को 7 दिनों में मारने का प्लान बनाने के आदेश दिए थे।

## गाजा पट्टी पर कब्जा करेगा अमेरिका, नेतन्याहू से मुलाकात के बाद बोले डोनाल्ड ट्रंप

वाशिंगटन(ए.) । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक चौंकाने वाला बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका युद्ध से तबाह हुए फिलिस्तीनी क्षेत्र गाजा पट्टी पर कब्जा करेगा। अमेरिका तब तक वहां बना रहेगा जब तक फिलिस्तीनी अन्य जगहों पर पुनर्वासित नहीं हो जाते।



इसके साथ ही ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका गाजा का विकास करेगा और इसे अपने अधिकार में लेगा। ट्रंप ने यह बयान इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में दिया है।

नेतन्याहू ने ट्रंप के इस विचार को इतिहास बदलने वाला बताते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति गाजा के लिए एक अलग भविष्य की कल्पना कर रहे हैं। यह घोषणा दुनिया भर में हलचल मचा सकती है और मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक स्थितियों को प्रभावित कर सकती है। इजरायल और फिलिस्तीनी आतंकी समूह हमास के बीच अक्टूबर 2023 से जारी संघर्ष के कारण गाजा पट्टी पूरी तरह से तबाह हो चुकी है। हाल ही में युद्धविराम हुआ है, लेकिन इजरायली बमबारी ने क्षेत्र के लगभग सभी ढांचे को नष्ट कर दिया है, जिससे लाखों लोग बेघर हो गए हैं।

ट्रंप ने कहा, हम इसे अपने अधिकार में लेंगे और यहां पड़ी हुई खतरनाक विस्फोटक बमों और अन्य हथियारों को नष्ट करने की जिम्मेदारी लेंगे। उन्होंने आगे कहा, हम नष्ट हुई इमारतों को समतल करेंगे और एक ऐसी आर्थिक विकास योजना तैयार करेंगे, जिससे क्षेत्र के लोगों के लिए असीमित नौकरियां और आवास उपलब्ध होंगे। जब ट्रंप से यह पूछा गया कि क्या वह क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सैनिकों की तैनाती करेंगे, तो उन्होंने कहा, अगर जरूरत पड़ी तो हम ऐसा करेंगे।

## आय, निवासी, जन्म-मृत्यु, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रमाण पत्र 07 से 14 फरवरी तक नहीं बनेंगे

सीहोर, (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश शासन के MP eDistrict पोर्टल सर्वर माइग्रेशन का कार्य किया जाएगा। पोर्टल के माइग्रेशन कार्य के कारण 07 फरवरी 2025 को रात्रि 08 बजे से 14 फरवरी 2025 को रात्रि 08 बजे तक यह पोर्टल बंद रहेगा। इस पोर्टल के बंद रहने पर प्रदेश के साथ ही जिले में संचालित सभी 08 लोकसेवा केंद्र एवं 03 उप लोकसेवा केंद्रों की सेवाएं भी बंद रहेंगी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों की लोकसेवा गारंटी से संबंधित सेवाएं जैसे आय, मूलनिवासी, जन्म-मृत्यु, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य सेवाएं बाधित रहेगी। इस अवधि में पोर्टल पर नए आवेदन दर्ज नही किए जाएंगे एवं संबंधित अधिकारी द्वारा पुराने समय सीमा आवेदनों का निराकरण भी नही किया जा सकेगा। शासन द्वारा सर्वर माइग्रेशन की प्रक्रिया के उपरांत यह सभी सेवाएं सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएंगी। यह पोर्टल पहले 04 फरवरी से 10 फरवरी तक बंद रहने वाला था पर अब यह पोर्टल 07 फरवरी से 14 फरवरी तक बंद रहेगा।

## राजस्व मंत्री श्री वर्मा का दौरा कार्यक्रम

सीहोर (निप्र)। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 06 फरवरी 2025 को भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 02 बजे सीहोर तहसील के ग्राम धामन्दा में आयोजित कार्यक्रम में शहीद स्मारक का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात राजस्व मंत्री श्री वर्मा 03:30 बजे प्रस्थान कर शाम 04 बजे इछावर तहसील के ग्राम भाऊखेड़ी में आयोजित कुडल श्री गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव द्वारा आयोजित कलश यात्रा में शामिल होंगे। इसके पश्चात राजस्व मंत्री श्री वर्मा शाम 04:30 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## एमपीटास पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी

सीहोर, (निप्र)। अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजनातर्गत एमपीटास पोर्टल पर पीएमएस मॉडयूल के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक सत्र 2021-22 नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन अप्लाई करने के लिए पोर्टल खुलने की तिथी 01 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तक निर्धारित की गई है। इसी प्रकार शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजनांतर्गत नवीन एवं नवीनीकरण के आवेदन करने के लिए अंतिम बढ़ाकर 15 फरवरी की गई है। पहले अंतिम तिथी 31 जनवरी निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़कर 15 फरवरी कर दिया गया है।

# महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाली कथा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर ने किया कुबेरेश्रवर धाम का निरीक्षण

### >>> कथा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

सीहोर, (ए.)। आगामी 25 फरवरी से कुबेरेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस कथा के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने कथा स्थल के आसपास के स्थानों तथा मार्गों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के ने व्यवस्था के लिए पर्याप्त अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए उन्हें समय पूर्व अपने ड्यूटी स्थल पर पहुँच कर उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को भली-भांति समझने के निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू के ने कथा के दौरान बेहतर इंतजाम करने एवं लोगों की सुरक्षा के साथ ही नेशनल हाईवे पर आवागमन सुगम बनाए रखने के लिए मार्ग परिवर्तित करने तथा वैकल्पिक मार्ग के संबंध में



अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कथा के दौरान पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, पार्किंग, हेल्थ कैम्प, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, कन्ट्रोल रूम, सहायता केंद्र, मार्ग मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडिशनल एसपी गीतेश गर्ग, एसडीएम तन्मय वर्मा, सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत, सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


**पर्याप्त पेयजल, सुरक्षित बिजली व्यवस्था एवं स्वच्छता संबंधी निर्देश**

कलेक्टर बालागुरू के. ने कुबेरेश्वर धाम परिसर तथा आसपास यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि विद्युत लाइन, केबल तथा पोल कहीं से क्षतिग्रस्त न हों तथा विद्युत विभाग की टीम को एक्टिव मोड पर रखा जाए। उन्होंने संपूर्ण कार्यक्रम स्थल पर बिजली के कनेक्शन अलग, सुरक्षित तथा नो मेन जोन की व्यवस्था के साथ ही विद्युत कर्मचारियों की 24 घंटे शिफ्टवार ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। आयोजन स्थल तथा आसपास भीड़ अत्याधिक होने पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए अस्थाई चलित शौचालयों की व्यवस्था तथा आयोजन स्थल पर पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।

## निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित



सीहोर,(निप्र)। आयुष विभाग द्वारा श्यामपुर विकासखंड के ग्राम महुआखेडी में निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न बीमारियों से ग्रसित 282 रोगियों का आयुष पद्धति से उपचार कर औषधियां प्रदान की गईं। जिला आयुष अधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि राज्य औषधि पादप बोर्ड द्वारा एक जिला एक औषधि उत्पाद के तहत कार्यशाला आयोजित कर 203 अश्वगंधा के पौधों का निशुल्क वितरण किया गया एवं अवशगंधा के लाभ के बारे में नागरिकों को विस्तार से जानकारी दी गई।



## प्राण-प्रतिष्ठा में घी और शक्कर की आहुति देकर आज किया जाएगा यज्ञ

### यज्ञ से ही सभी जीवों की उत्पत्ति होती : पंडित चेतन उपाध्याय

सीहोर(निप्र)। यज्ञ से ही सबका कल्याण होता है। यज्ञ से ही सभी जीवों की उत्पत्ति होती है। जब यज्ञ में आहुति दी जाती है तब धुंआ निकलता है। धुंआ से बादल बनता है और बादल से वर्षा होती है। फिर वर्षा से फसल की उत्पत्ति होती है। फिर सभी जीवों की उत्पत्ति होती है। भगवान की भी उत्पत्ति यज्ञ से ही हुई है यदि यज्ञ न हो तो मेरी भी और आपकी भी उत्पत्ति नहीं होगी। यज्ञ ऐसी चीज है जिससे समस्त प्राणियों का ही नहीं विश्व के सभी प्राणियों का कल्याण होता है। उक्त विचार शहर के नगर पालिका के समीपस्थ श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने कहे। बुधवार को सुबह नित्य पूजन, मंडल स्थापना और जलाधिवास आदि की धार्मिक क्रिया यज्ञ आचार्य नगर पुरोहित पंडित पृथ्वी वल्लभ दुबे के सानिध्य में किया गया। सुबह साढ़े आठ बजे से मुख्य मनोरथी ओम राय, नंदकिशोर शर्मा, अंकुर नामदेव, उमेश अग्रवाल, सुनी वंदनाधारी आदि शामिल थे।

पंडित श्री उपाध्याय ने कहाकि कृषि और ऋषि का बहुत प्राचीन संबंध है। सिर्फ ब्राह्मणों का ही यज्ञ नहीं है बल्कि यज्ञ में हर वर्ण के लोग जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य एवं शूद्र चारों वर्णों का इसमें रोजगार लगता है। यह जो यज्ञ हो रहा है इसमें सभी लोगों का रोजगार लगा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोहर राय ने बताया कि गुरवार को प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत तीसरे दिन घी और शक्कर की आहुति देकर यज्ञ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राचीन मंदिर में भगवान शंकर आदि की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति और सभी क्षेत्रवासियों के सहयोग से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया जा रहा है, उन्होंने श्रद्धालुओं से महोत्सव में शामिल होने की अपील की।

# सचिव संगठन ने नवागत सीईओ डॉ. नेहा जैन से की भेंट



सीहोर(निप्र)। नवागत जिला पंचायत सीईओ डॉ. नेहा जैन से जिला पंचायत सचिव संगठन के जिलाध्यक्ष महेश जायसवाल सहित अन्य ने भेंट की और उनका सम्मान और स्वागत करते हुए अपना परिचय दिया। इस मौके पर नवागत डॉ. जैन ने संगठन के सचिवों से जिले भर में संचालित हो रही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति के संबंध में चर्चा करते हुए कहाकि हम आपके साथ है और हमें योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सचिव संगठन के जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने बताया कि संगठन के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय में पहुंचकर नवागत सीईओ डॉ. जैन से भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं उन्होंने इस मौके पर सचिवों की समस्याओं को लेकर चर्चा की। भेंट के दौरान राजकुमार नामदेव, बलराम चंद्रवंशी, मुकेश कुमार पाटीदार, राकेश अंगोरे, धर्मेंद्र प्रजापति, धर्म सिंह, विक्रम सिंह परमार, सचिन मालवीय, बीरबल परमार, सुखराम मीणा, रमेश मेवाड़ा, आष्टा से महेंद्र सिंह ठाकुर एवं योगेंद्र सिंह ठाकुर सचिव शामिल थे।

## सहायक यंत्री जिज्ञासा दीक्षित से दलित बस्ती ग्राम झिकड़ी आष्टा में सेवादल अध्यक्ष खंगराले ने हेण्डपम्प लगाने की मांग की

आष्टा(निप्र)। सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले, राजकुमार चौधरी मोबाईल टावर ठेकेदार, चन्दरसिंह केथवाल ने लो.स्वा.यां.विभाग सहायक यंत्री आष्टा सुश्री जिज्ञासा दिक्षित को ज्ञापन सौंपा कर ग्राम झिकड़ी, जनपद पंचायत विकास खण्ड आष्टा जिला सीहोर की दलित बस्ती में भीषण जल संकट को देखते हुए हेण्डपम्प लगाये जाने की मांगी की।

## कैरियर एवं परीक्षा के संबंध में की गई विद्यार्थियों की काउंसलिंग

सीहोर,(निप्र)। जिला रोजगार कार्यालय (मॉडल कैरियर सेंटर) द्वारा कोठरी एवं ग्राम अरनिया के शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों की कॅरियर एवं बोर्ड परीक्षा संबंधी काउंसलिंग आयोजित की गई। काउंसलिंग मे काउंसलरों, विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न कैरियर एवं विषयों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। इसके साथ ही परीक्षा पर चर्चा की गई। काउंसलिंग में विद्यार्थियों को बताया गया कि जिस विषय में हम सबसे ज्यादा कमजोर हैं, उस विषय की तैयारी में हमें अधिक समय देना चाहिए। काउंसलिंग में विद्यार्थियों को कॉमर्स, आर्ट्स, बायोलॉजी, गणित, टेक्निकल, मेडिकल के साथ शासन की विभिन्न कौशल विकास की योजनाओं पर चर्चा कर ऑफबीट करियर के विषय में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्र- छात्रों को जीवन कौशल शिक्षा पर विस्तृत रूप से चर्चा की साथ ही आपने इसके कारकों के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि जीवन में सकारात्मकता लाने के लिए कौशल शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण हैं।



## गौमाता की सेवा और सुरक्षा ही सनातन धर्म-पं.मोहितरामजी



सीहोर(निप्र.)। जन्म देने वाली माता और दूध पिलाने वाली गौ माता यह दोनों हमारे जीवन का आधार है। एक माँ जन्म देकर इस पृथ्वी पर लाती हो दूसरी मां पृथ्वी पर जब तक हम रहते हैं,हमारा पालन करती है। सनातन में जननी और गौ माता का श्रेष्ठ स्थान है यही राम कथा हमें सिखाती है। उक्त उद्गार श्रीपाल वाले बाबा हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही नवदिवसीय श्री राम कथा महोत्सव के अष्टम दिवस कथा व्यास क्रांतिकारी वक्ता गौभक्त पंडित मोहित रामजी पाठक ने कहे आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा कि जिस प्रकार भगवान श्री राम ने माता के केकई के वचन को पूर्ण करने के लिए अयोध्या का राज छोड़कर बनवास गए थे वहां जाकर ऋषि मुनि गौ माता की सेवा करी सुरक्षा करी रक्षति क्षत निशाचारों से सनातन धर्म का संरक्षण करा बाली खर दूषण तीसरा जैसे राक्षक निशाचारों को मारा धर्म की स्थापना करी आज आज इस रामकेश देश में गौ माता की बड़ी-बड़ी स्थित है नित्य गायों की हत्या हो रही गाय काटी जा रही है हम सबको मिलकर इसको रोकना होगा जिस दिन भारत से गौमाता खत्म हो गई सनातन धर्म भी नष्ट हो जाएगा।

# जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में सीहोर की मौली ने हासिल किया प्रथम स्थान




सीहोर(निप्र.)। शहर के इंदौर नाके स्थित बजरंग कालोनी में मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक कराटे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए समाजसेवी अखिलेश राय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहाकि कराटे एक मार्शल आर्ट है जो शारीरिक फ़िटनेस और अनुशासन सिखाता है। इससे आपकी ताकत, चपलता, और धीरज बढ़ती है. कराटे सीखने से आपको आत्मविश्वास मिलता है और आप असुरक्षित स्थिति में खुद को बचा सकते हैं। उन्होंने पुरस्कार वितरण भी किया। समापन अवसर पर एसोसिएशन के कोच लखन ठाकुर, श्रीमती विमला ठाकुर, मनोज दीक्षित मामा और त्र्यंबक ठाकुर आदि शामिल थे।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के बालिका वर्ग 21 से 25 मे प्रथम स्थान मौली द्वितीय स्थान आशिका और 26 से 30 मे आरुषि सूर्यवंशी प्रथम और देवांशी परिहार द्वितीय रूही राज एवं गाऊँ बडगुजर 31से 35 किलोग्राम मे प्रथम पायल बागबां द्वितीय राखी परमार तृतीय मे राधिका मालवीय वनशिका पठारिया, 41 से 45 किलोग्राम में प्रथम एंजल द्वितीय निकिता जायसवाल दिशा परमार तृतीय रहीं, 46 से 50 किलोग्राम मे सुहानी सिसोदिया प्रथम आकांक्षा शाक्य द्वितीय 51 से 55 मे कीर्ति वर्मा प्रथम और प्रियांशी वर्मा द्वितीय रहीं और ओपन वर्ग मे साधना परमार प्रथम स्वाति सिंह द्वितीय रहीं बालक वर्ग मे 16 से 20 आरुष गौर प्रथम जयेश कुशवाह द्वितीय निश्चय सिंह तृतीय रहे 21 से 25 मे अनुराग मेवाड़ प्रथम मयूर द्वितीय मृदुल सिंह तृतीय 26 से 30 देवाश वर्मा प्रथम रुद्र परमार द्वितीय उजेर खान और अवनीश तृतीय रहे 31 से 35 मे सौरभ प्रथम आयुष सिंह द्वितीय मानव राठौर तृतीय रहे 36 से 40 रजत श्रेष्ठ प्रथम श्रेष्ठ चौधरी, द्वितीय अयमान तृतीय रहे 41 द्वाद्व 45 वर्ग मे वेदांत मारण प्रथम योगेश कोटिया द्वितीय ध्रुव इटावदिया तृतीय रहे 46 से 50 द्वाद्व मे अयमान सिद्दीकी प्रथम राघव राय द्वितीय रहे 51 से 55 द्वाद्व मे दृश्यम यादव प्रथम अथर्व त्यागी द्वितीय रहे 61 से 65 किलोग्राम में अक्षत श्रोत्रिय प्रथम रहे ओपन मे रोहित कैथवास विजेता रहे।

# बदमाशों ने ट्रक चालक की गला घोटकर हत्या की और फिर लूटा 72 लाख का कॉपर तार, पुलिस ने किया खुलासा

सीहोर (ए.)। सीहोर जिले के भोपाल-इंदौर हाईवे पगारिया राम घाटी स्थित जय भवानी ढाबे के पास सोमवार को झाड़ियों में नरकंकाल मिला था। नरकंकाल की पहचान राजगढ़ जिले के सुठालिया थाना क्षेत्र के पीपल्याखेड़ी निवासी ट्रक ड्राइवर हुकम सिंह (40) पिता मांगीलाल सोंधिया के रूप में हुई। बदमाशों ने पहले हुकम सिंह का गला घोंटकर हत्या की, फिर 72 लाख रुपए के ट्रक में भरे कॉपर तार की डकैती कर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

पुलिस के अनुसार 20 जनवरी को हुकम सिंह आयशर ट्रक (MP09 GG 8483) में इंदौर से कॉपर तार भरकर पीलूखेड़ी जा रहा था। ट्रक में करीब 70 क्विंटल कॉपर तार था। डकैती की साजिश के तहत बदमाशों ने ट्रक का पीछा किया और पगारिया राम घाटी के पास मौका मिलते ही चालक की हत्या कर ट्रक लेकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में 24 जनवरी को चालक की गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए**

पुलिस टीम ने बरखेड़ा, डोडी, नेवरी फाटा, बरोठा, देवास, एरोड्रम रोड, दीपमाला ढाबा, थाना



बाणगंगा और सांवेर रोड क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच जारी थी कि सोमवार को अचानक पगारिया घाटी के पास नरकंकाल मिलने की सूचना मिल गई। पुलिस ने कंकाल के पास मिले कपड़ों से मृतक की पहचान की, जिससे पूरा मामला उजागर हो गया।

**आईजी ने किया घटना स्थल का मुआयना**

मंगलवार को भोपाल ग्रामीण रेंज के आईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी ने एएसपी गीतेश गर्ग, आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर, आष्टा थाना प्रभारी गिरीश दुबे और पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा के साथ घटना स्थल का मुआयना कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में सप्ताह भर तक आयोजित होंगे कैंसर जांच शिविर



सीहोर(निप्र)। शासन के निर्देशानुसार जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में सप्ताह भर कैंसर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं में लगने वाली ओपीडी में आने वाले मरीजों का चिन्हांकन एव उपचार किया जाएगा। इसके साथ ही मरीजों एवं उनके परिजनों को विभिन्न प्रकार के कैंसरों के प्रारंभिक लक्षणों की जानकारी दी जाएगी।

सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस सभी शिविरों के साथ ही सीहोर स्थित जिला चिकित्सालय के गायनी वार्ड में महिला कैंसर मरीजों के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में गाइनेकोलॉजिस्ट द्वारा 30 वर्ष से 65 वर्ष तक की आयु की महिला कैंसर मरीजों का चिन्हांकन एव जाँच की जाएगी। इन शिविरों में प्रथम दिवस में 50 मरीजों का चिन्हांकन किया गया जिनकी जांच कराई जाएगी।

## कार्य में लापरवाही बरतने पर सीहोर के 08 आउटसोर्स बिजलीकर्मियों को किया ब्लैक लिस्ट

सीहोर (निप्र)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कार्य में लापरवाही और अनियमितता बरतने पर कंपनी कार्यक्षेत्र के सीहोर वृत्त के 08 कर्मचारियों को सेवाओं से पृथक करते हुए ब्लैक लिस्ट किया है। कंपनी द्वारा सीहोर सहित अन्य वृत्तों के कुल 37 कर्मचारियों को सेवा से पृथक कर ब्लैक किया गया है। यह सभी आउटसोर्स कर्मचारी कंपनी कार्यक्षेत्र के किसी भी बिजली कार्यालय में कार्य नहीं कर सकेंगे।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने सचेत किया है कि कार्य में पारदर्शिता, लगन, निष्ठा और उपभोक्ता सेवाओं को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनी में जीरो टोलरेंस की नीति लागू है और सभी मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे उपभोक्ता सेवाओं और कंपनी की उत्तरोत्तर तरक्की के लिए निरन्तर प्रयास करते रहें।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com